धनबाद, शुक्रवार
19 जून 2026
वर्ष : 03 अंक : 259
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार

# ट्रुथ पथ



# जेएमएम के बैद्यनाथ राम और निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवाणी पहुंचे राज्यसभा





## सभी 81 विधायकों ने किया मतदान

## कांग्रेस के प्रणव झा को मिले 20 वोट और 28 वोट के साथ नाथवाणी ने मारी बाजी

रांची, (एजेंसी) : झारखंड विधानसभा में गुरुवार को राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत मतदान एवं मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित चुनाव में तीन उम्मीदवार मैदान में थे–प्रणव झा (इंडियन नेशनल कांग्रेस), बैद्यनाथ राम (झारखंड मुक्ति मोर्चा) तथा नाथवाणी परिमल (निर्दलीय)।

झारखंड विधानसभा के न्यायाधिकरण कक्ष (कमरा संख्या एह-42) में हुए मतदान में सभी 81 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सभी उम्मीदवार, विभिन्न राजनीतिक दलों के पार्टी एजेंट, पोलिंग एजेंट तथा चुनाव एजेंट उपस्थित रहे। मतदान के तुरंत बाद उसी स्थल पर मतगणना कराई गई, जिसमें सभी उम्मीदवारों एवं उनके काउंटिंग एजेंटों की उपस्थिति सुनिश्चित रही।

मतगणना में कुल 81 मतों में से 78 मत वैध पाए गए, जबकि 3 मत रद्द घोषित किए गए। वैध मतों में श्री प्रणव झा को 20 मत (2000 मूल्यांकित मत), श्री बैद्यनाथ राम को 30 मत (3000 मूल्यांकित मत) तथा श्री नाथवाणी परिमल को 28 मत (2800 मूल्यांकित मत) प्राप्त हुए।

भारत निर्वाचन आयोग के 18 जून 2026 के निदेशों के आलोक में श्री बैद्यनाथ राम (झारखंड मुक्ति मोर्चा) एवं श्री नाथवाणी परिमल (निर्दलीय) को झारखंड से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

इस प्रकार झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों पर हुए चुनाव में बैद्यनाथ राम और नाथवाणी परिमल ने जीत दर्ज की।

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम और निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा।कुल 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में गुरुवार को हुए मतदान में झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम को 31 वोट मिले और वे आसानी से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। दूसरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत हासिल की। उन्हें कुल 30 वोट मिले थे, जिनमें से दो मत रद्द हो गए और अंतिम रूप से उनके खाते में 28 वैध वोट दर्ज किए गए।वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को 20 वोट प्राप्त हुए, जिनमें से एक वोट अमान्य घोषित किया गया। कुल तीन मत रद्द होने के बाद अंतिम गणना में बैद्यनाथ राम को 31 और परिमल नथवानी को 28 वैध वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार अपेक्षित समर्थन हासिल नहीं कर सके।चुनाव परिणाम के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। मतदान से पहले सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के नेताओं ने दोनों सीटों पर जीत का दावा किया था और एकजुटता की बात कही थी। हालांकि परिणामों ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिमल नथवानी की जीत को लेकर गठबंधन के भीतर क्रॉस वोटिंग और असंतोष की चचाएं भी तेज हो गई हैं।इस बीच झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वाम दलों के विधायकों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी 16 विधायकों ने प्रणव झा को वोट दिया।

उल्लेखनीय है कि परिमल नथवानी देश के प्रमुख उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े रहे हैं और लंबे समय से झारखंड की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे दो बार झारखंड से राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2008 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा चुनाव जीता था। इसके बाद वर्ष 2014 में भी उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज कर उच्च सदन में अपनी उपस्थिति बरकरार रखी। अब तीसरी बार वे राज्यसभा पहुंचने में सफल हुए हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### असम में 14.5 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त, सात तस्कर गिरफ्तार

असम, (एजेंसी) : असम में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। श्रीभूमि और नगांव जिलों में चलाए गए समन्वित अभियानों में लगभग 14.5 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की टीमों ने कई स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीभूमि पुलिस और नगांव पुलिस द्वारा संचालित सफल अभियानों में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की खेप पकड़ी गई है। उन्होंने इसे राज्य में नशे के कारोबार के खिलाफ चल रही लड़ाई का महत्वपूर्ण चरण बताया।

### राष्ट्रपति पवित्र नगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं, हुआ आत्मीय स्वागत

भोपाल, (एजेंसी) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मध्य प्रदेश के पांच दिवसीय प्रवास के पहले दिन गुरुवार को बैतूल में आयोजित जनजातीय महासम्मेलन में भाग लेने के बाद पवित्र नगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। राष्ट्रपति यहां शाम को ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर आरती में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति मुर्मु का ओंकारेश्वर आगमन पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायकगण नारायण पटेल, छाया मोरे व कंचन तन्वे, खण्डवा महापौर अमृता अमर यादव ने भी उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे।

### फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले मोदी, निवेश और भारत में विस्तार योजनाओं पर चर्चा

नई दिल्ली, (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान गुरुवार को कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों तथा कारोबार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। बातचीत में निर्माण सामग्री और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों, विशेषकर टिकाऊ विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में सेंट-गोबेन की मजबूत उपस्थिति और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का सृजन हो रहा है। बाजिन ने भारत में कंपनी के निवेश और विस्तार की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने रेल परिवहन और गतिशीलता क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। इस दौरान रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में एल्सटॉम के निवेश और विनिर्माण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ भारतीय रेल क्षेत्र के विकास को भी गति मिली है।

सियोन ने भारत में कंपनी के विस्तार और अतिरिक्त निवेश की योजनाओं से अवगत कराया।

# विकास और संस्कृति का संतुलन ही सशक्त व समृद्ध समाज की आधारशिला : द्रौपदी मुर्मु

बैतूल, (एजेंसी) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आध्यात्मिक जागृति व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति का अनुभव कराती है तथा सकारात्मक सोच को जीवन के उच्च आदर्शों से जोड़ती है। विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। शाश्वत विकास वही है, जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाते हुए भविष्य की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करे।राष्ट्रपति मुर्मु गुरुवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तीकरण' महासम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि समाज का सशक्तीकरण केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक सशक्तीकरण तब होता है जब व्यक्ति में आत्म विश्वास, आत्म सम्मान, जागरूकता और दायित्व बोध का विकास हो। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने वाला समाज है और उसकी यही विशेषता उसे विशिष्ट बनाती है।राष्ट्रपति ने कहा कि



भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है, जब देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाए। हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत सुरक्षित और अक्षुण्ण रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन जनजातीय समाज के आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक जागरूकता और समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

उन्होंने मध्य प्रदेश शासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनजातीय कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इस बीमारी की संभावना अधिक पायी जाती है और इसके उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से जनजातीय समाज का स्वास्थ्य स्तर और बेहतर होगा।राष्ट्रपति ने कहा कि मध्य प्रदेश का बैतूल जिला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यहां के जनजातीय समुदायों ने अपनी परंपराओं, लोकज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखा है। सामूहिकता, सहयोग, सरलता, ईमानदारी और आध्यात्मिकता जैसे उच्च जीवन मूल्यों का जीवंत स्वरूप बैतूल की जनजातीय संस्कृति में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के सशक्तीकरण के लक्ष्य पर केंद्रित इस महासम्मेलन में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह आयोजन केवल बैतूल या मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश और समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महासम्मेलन में तैयार होने वाली कार्य योजनाएं जनजातीय समाज को राष्ट्र की प्रगति का सशक्त भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान ने मातृशक्ति को केंद्र में रखकर अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। संस्थान की आंतरिक शुचिता, मानवीय गरिमा, सेवा भावना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायी है।

# अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर, अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए 60 दिन का युद्ध विराम लागू

एवियन (फ्रांस(एजेंसी) : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध विराम को 60 दिन तक बढ़ाने के लिए गुरुवार को एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते का उद्देश्य ईरान-अमेरिका टकराव के चलते बंद पड़े महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार मार्ग को खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करना है।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांस के वर्साय शहर में ऐतिहासिक वर्साय महल में और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने तेहरान में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारतीय समय के अनुसार आज सुबह पांच बजे से प्रभावी माना गया है। वर्साय पैलेस में हस्ताक्षर समारोह का आयोजन श्री ट्रम्प के सम्मान में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा आयोजित रात्रि-भोज के ठीक पहले किया गया था। दोनों पक्षों ने इसे युद्ध को खत्म करने की दिशा में पहला बड़ा कदम बताया है।



वाशिंगटन में व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक वीडियो में श्री ट्रंप फारसी भाषा के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए दिख रहे हैं। हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने कलम विदेश मंत्री मार्को रुबियो को थमा दी और निर्देश दिया कि इसे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को सौंप दिया जाए ताकि वे भी इस पर हस्ताक्षर कर सकें। वहां मौजूद लोगों ने इस समझौते पर ताली बजाकर श्री ट्रंप का स्वागत किया। इसके कुछ ही समय बाद तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने भी इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि श्री पेजेशकियन ने इस समझौते पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हस्ताक्षर करने के साथ ही यह समझौता 'तुरंत' लागू हो गया है। 'इस्लामाबाद समझौते' के नाम से जाने जाने वाले इस समझौते पर दोनों पक्षों की महीनों की प्रत्यक्ष और परोक्ष बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गये हैं। इसके जरिए शांति बहाली के लिए एक व्यापक खाका तैयार किया गया है।दोनों देश अगले 60 दिनों में इस व्यवस्था को ठोस रूप देने की कोशिश करेंगे।

# भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल

### एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत

नई दिल्ली, 18 जून (हि.स.)। भारतीय तटरक्षक की क्षमताओं को मजबूत करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को देश के पहले स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) को समुद्री बेड़े में शामिल किया गया। भारतीय तटरक्षक फ्लीट में एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिहाज से अहम है।कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक के वरिष्ठ अधिकारियों और शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह समारोह गोवा में हुआ। यह मौका स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ाने और जरूरी समुद्री प्लेटफॉर्म पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में कई स्टेकहोल्डर्स की लगातार कोशिशों के सफल नतीजे



का प्रतीक है। इस एयर कुशन व्हीकल को भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है, जो देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत को दिखाता है।

उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्वदेशी इनोवेशन को बढ़ावा देने, घरेलू शिपबिल्डिंग विशेषज्ञता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर डिफेंस इकोसिस्टम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को सहयोग करने की दिशा में जरूरी कदम है। यह जहाज समुद्री कार्यों में ऑपरेशनल मदद करेगा और समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा। यह मौका भारतीय तटरक्षक, रक्षा मंत्रालय और भारत की इंडस्ट्री के बीच राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के हिसाब से एडवांस्ड स्वदेशी सॉल्यूशन देने में करीबी सहयोग को भी दिखाता है।ऐसी पहल देश की रक्षा विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने और समुद्री क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी उत्प्रेरक का काम करती हैं। एसीवी का शामिल होना स्वदेशी क्षमता विकास की दिशा में भारत की यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक, काबिल और भविष्य के लिए तैयार समुद्री सेना बनाने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर किए गए प्रयासों को दिखाता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर होना चाहिए: मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों के सामने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में भारत के 'मानव' विजन का उल्लेख करते हुए कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस यात्रा पर गये श्री मोदी ने बुधवार रात फ्रांस के एवियन में इंश्योरिंग ए सेफ, रैपिड एंड एफिशिएंट रोल आउट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित आउटरीच सत्र को संबोधित किया।श्री मोदी ने कहा कि एआई एक परिवर्तनकारी शक्ति है जिसमें मानव सभ्यता की दिशा को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, लेकिन इसे लोगों को सशक्त बनाने वाला भी होना चाहिए। उन्होंने विस्तार से बताया कि इसी व्यापक सोच के साथ भारत ने हाल ही में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की थी। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए भारत के 'मानव' विजन को रेखांकित किया, जो इस बात पर जोर देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने



हमेशा साइबरस्पेस को एक वैश्विक सार्वजनिक संपत्ति के रूप में देखा है और लोकतांत्रिक देशों की ऐसी एआई मॉडल तक पहुंच होनी चाहिए जो उनके महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे को सुरक्षित कर सकें और उन्हें साइबर खतरों से निपटने मंन मदद कर सकें। उन्होंने एआई विकास के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण का आह्वान किया, जिसमें सुरक्षा, गति और दक्षता पर एक साथ ध्यान दिया जाए। इस संबंध में, उन्होंने चार सुझाव दिएः एआई सिस्टम को 'सेफ-बाय-डिजाइन' (निर्माण के स्तर पर ही सुरक्षित) होना चाहिए। एआई के इस्तेमाल के साथ-साथ सामान्य मानक, परीक्षण फ्रेमवर्क और नियामक दिशानिर्देश होने चाहिए। डीपफेक, गलत सूचना और साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रभावी वैश्विक सहयोग होना चाहिए और एक समावेशी दुनिया सुनिश्चित करने के लिए एआई का लाभ 'ग्लोबल साउथ' के देशों तक पहुँचना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य मानव क्षमता का विस्तार करना, मानवीय विकल्पों को सशक्त बनाना और मानव गरिमा की रक्षा करना होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत इन उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

### राज्यसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस का हमला, राजद व माले ने दिया धोखाः कांग्रेस प्रभारी

रांची । झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा की हार के बाद कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को कांग्रेस के 16 विधायकों और झामुमो के 4 विधायकों का समर्थन मिला, लेकिन गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों ने धोखा दिया. के. राजू ने आरोप लगाया कि राजद और माले ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया, जिसके कारण कांग्रेस उम्मीदवार को नुकसान उठाना पड़ा.उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम यह संकेत देता है कि महागठबंधन के कुछ सहयोगी दलों ने तय रणनीति के अनुसार मतदान नहीं किया. कांग्रेस इस पूरे मामले की समीक्षा करेगी और यह पता लगाएगी कि आखिर गठबंधन के पास पर्याप्त संख्या होने के बावजूद उम्मीदवार की हार कैसे हुई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा, लेकिन परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा. के. राजू के अनुसार, यदि गठबंधन के सभी घटक दल एकजुट होकर मतदान करते तो नतीजा अलग हो सकता था.

संक्षिप्त खबरें

## किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाने के लिए मेटा ने शुरू किए नए एआई और पैरेंटल कंट्रोल फीचर्स




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची: मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर पर किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए कई नए फीचर्स की घोषणा की है। कंपनी ने टीन अकाउंट्स के लिए 13+ कंटेंट सेटिंग्स को वैश्विक स्तर पर लागू करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत किशोरों को उनकी उम्र के अनुरूप कंटेंट दिखाया जाएगा और अनुपयुक्त सामग्री तक उनकी पहुंच सीमित की जाएगी। मेटा ने एआई आधारित आयु पहचान तकनीक का भी विस्तार किया है, जो प्रोफाइल, पोस्ट, कमेंट, बायो, फोटो और वीडियो में मौजूद संकेतों का विश्लेषण कर कम उम्र के खातों की पहचान करने में मदद करेगी। कंपनी के अनुसार यह तकनीक फेशियल रिकग्निशन का उपयोग नहीं करती, बल्कि उम्र का अनुमान लगाने के लिए विभिन्न संकेतों का आकलन करती है। इसके अलावा इंस्टाग्राम सुपरविजन फीचर के तहत यदि कोई किशोर कम समय में बार-बार आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से जुड़े शब्द खोजता है, तो उसके माता-पिता को अलर्ट भेजा जाएगा। यह सुविधा भारत समेत कई देशों में शुरू की जा रही है। मेटा इंडिया की पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर नताशा जोग ने कहा कि किशोरों को सुरक्षित रखना कंपनी की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है और नए अपडेट्स उन्हें अधिक सुरक्षित तथा उम्र के अनुरूप ऑनलाइन अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने फैमिली सेंटर फीचर को भी मजबूत किया है, जिसके माध्यम से माता-पिता इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर सहित विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपने बच्चों की गतिविधियों की निगरानी एक ही स्थान से कर सकेंगे। आने वाले समय में अभिभावकों को अपने बच्चों द्वारा विभिन्न मेटा ऐप्स पर बिताए गए कुल समय और अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी का कहना है कि इन सुरक्षा उपायों का उद्देश्य किशोरों को ऑनलाइन जोखिमों से बचाना, उन्हें सुरक्षित डिजिटल माहौल उपलब्ध कराना और माता-पिता की भागीदारी को और प्रभावी बनाना है।

## मोरहाबादी में डिलीवरी बॉय की पिटाई, इंसाफ के लिए सैकड़ों कर्मियों ने घेरा अपार्टमेंट

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : मोरहाबादी में गुरुवार को एक ऑनलाइन डिलीवरी ऐप ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय के साथ से मारपीट की गई। घटना मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण अपार्टमेंट के पास की है। इस घटना के विरोध में सैकड़ों की संख्या में डिलीवरी कर्मी एकजुट हो गए और अपार्टमेंट का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को ब्लिंकिट का एक डिलीवरी बॉय सामान की डिलीवरी देने के लिए मोरहाबादी के रामकृष्ण अपार्टमेंट पहुंचा था।इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद कुछ लोगों से उसकी बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि लोगों ने डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे बुरी तरह से पीट दिया गया। अपने साथी के साथ हुई मारपीट की खबर जैसे ही रांची के अन्य ब्लिंकिट डिलीवरी पार्टनर्स को मिली, वे आक्रोशित हो गए।देखते ही देखते करीब सैकड़ों की संख्या में डिलीवरी कर्मी काम छोड़कर रामकृष्ण अपार्टमेंट के पास जुटने लगे।कर्मियों ने अपार्टमेंट के बाहर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और पीड़ित को इंसाफ दिलाने तथा मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए।घटना की संवेदनशीलता और भारी संख्या में लोगों के जुटने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित डिलीवरी कर्मियों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस मामले को शांत कराने और लिखित शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाने का आश्वासन दे रही है।फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात है।

## आम चुनने गए बच्चों पर गिरा ठनका,11 साल की बच्ची की मौत,एक घायल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लोहरदगा : बगड़ू थाना क्षेत्र के बेठहठ पंचायत के गिरजा टोली आम बगीचा में गुरुवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई,जबकि दूसरी बच्ची घायल है।घटना के वक्त बेठहठ और सतपारा गांव के काफी संख्या में बच्चे बगीचा में आम चुन रहे थे।अचानक आई तेज आंधी और बारिश के बीच वज्रपात हो गया।चपेट में आने से गिरजा टोली निवासी फगुवा उरांव की 11 वर्षीय पुत्री अदिति उरांव की मौत हो गई.परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।वहीं लक्ष्मण उरांव की 10 वर्षीय पुत्री देवंती उरांव घायल हो गई।उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया है।डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।वज्रपात होते ही बगीचे में मौजूद सभी बच्चे डरकर अपने-अपने घरों की ओर भाग गए।घटना के बाद पूरे गिरजा टोली गांव में मातम पसरा है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही पुलिस प्रसाशन व अंचल अधिकारी अजय कुमार व कर्मचारी मौके पर पहुंचे।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।प्रखंड प्रशासन ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।अंचल अधिकारी ने लोगो से अपील किया कि आंधी-बारिश के मौसम में वज्रपात का खतरा बढ़ जाता है।ऐसे में खुले मैदान,पेड़ के नीचे या बगीचे में न रुकें।घर के अंदर सुरक्षित रहें।

## अवैध बालू उठाव पर प्रशासन सख्त, सात ट्रैक्टर जब्त

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

कोडरमा : एनजीटी के रोक के बावजूद धडल्ले से हो रहे अवैध बालू के कारोबार पर प्रशासन गुरुवार को सख्त हुआ। सीओ सारांश जैन व थाना प्रभारी विकास कुमार ने गुडगुडी बांसडीह के बीच स्थित बालू घाट पर छापामारी अभियान चला 7 ट्रैक्टर को जप्त किया। हालांकि, इस दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड कर भाग निकले। उल्लेखनीय है कि प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से लगातार सूचना मिल रही थी कि विभिन्न घाटों से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा है।सीओ सारांश जैन की कार्रवाई के बाद इस कारोबार से जुडे लोगों में हडकंप मच गया है। उन्होंने बताया कि जप्त सभी ट्रैक्टरों को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीओ श्री जैन ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।किसी भी कीमत पर खनिज संपदाओं की लूट नहीं होने दी जाएगी।

# एनएच 33 रांची-टाटा मार्ग को मिलेगी नई रफ्तार 214.79 करोड़ से होगा 126.49 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य,केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने किया भूमिपूजन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : सरायकेला -खरसावां जिला अंतर्गत चौका थाना के चावलीबासा में गुरुवार को टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ और जमशेदपुर सांसद विद्युत बरण महतो की मौजूदगी में पंडितों ने विधिवत भूमिपूजन कराया।इसके बाद चौका स्थित दादुर बागान में सभा का आयोजन हुआ।

ओवरले परियोजना के तहत रांची-महुलिया,टाटा खंड के 126.49 किलोमीटर लंबे मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य 214.79 करोड़ रुपये की लागत से होगा।इससे रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग को नई रफ्तार मिलेगी और यात्रियों को जाम व गड्ढों से राहत मिलेगी। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाकर शेरशाह सूरी के इतिहास को हमेशा के लिए मिट्टी मिला दिया। उन्होने झामुमो कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने झारखंड बनाया है और भाजपा ही झारखंड को संवारेगी।उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन की सरकार बनी है,बालू को सोना बनाने का काम किया है।प्रधानमंत्री आवास के लिए गरीबों को बालू नहीं मिल रही।उन्होने कहा प्रखंड कार्यालय से जिला मुख्यालय तक भ्रष्टाचार चरम पर है।बिना चढ़ावा दिए कोई काम नही होता है।उन्होने व्यंग लहजे में कहा प्रखंड कार्यालय में इतना ज्यादा भ्रष्टाचार है कि लगता है कि प्रखंड कार्यालय में चंबल का डाकु स्थापित हो गया है।जिधर देखो लूट और डकैती हो रही है।सरकार बालू,कोयला,आयरन ओर की लूट-खसोट में लगी है।सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है।इस मौके पर जमशेदपुर सांसद विद्युत बरण महतो ने कहा पहले सड़क पर गड्ढे थे,अब मिल रही रफ्तार,नरेंद्र मोदी और नितिन गडकरी की सरकार आने के बाद ही एनएच सड़कें दुरुस्त हुई हैं।इससे पहले सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे थे,चलना मुश्किल था।अब इन्हीं सड़कों को नई रफ्तार देने का काम हो रहा है।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, नेत्री सारथी महतो, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, पप्पु वर्मा, देवाशीष राय, अनीता पारित, दिवाकर सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## इंटरमीडिएट व स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य परीक्षा 22 जून से

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड इंटरमीडिएट व स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 का आयोजन 22 जून से लेकर 24 जून तक किया जायेगा। उक्त तिथि के अतिरिक्त 25 जून को भी परीक्षा ली जायेगी।परीक्षा रांची जिला मुख्यालय स्थित सीबीटी आधारित परीक्षा केंद्रों में किया जायेगा।इस संबंध में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के परीक्षा नियंत्रक की ओर से आवश्यक सूचना जारी की गयी है। सूचना में कहा गया है कि परीक्षा तिथि के दो दिन पूर्व से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र आयोग की अधिकृत वेबसाइट से आवेदन में वर्णित ईमेल/पंजीकरण (आवेदन) संख्या एवं जन्मतिथि डाल कर डाउनलोड कर सकेंगे। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा प्रवेश पत्र की एक अतिरिक्त प्रति एवं दो फोटो अपने साथ परीक्षा केंद्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि परीक्षा से संबंधित सुचिता को बरकरार रखेंगे तथा किसी प्रकार के कदाचार संबंधी प्रयास में शामिल नहीं होंगे अन्यथा दोषी पाये जाने पर झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे जेएसएससी की वेबसाइट को नियमित अंतराल में देखते रहें।

## विवाहिता की मौत के बाद हंगामा, ससुराल वालों ने कहा फांसी लगायी, मायके का आरोप गला दबाकर मार डाला

बोकारो : चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत दुगदा थाना के दुगदा बस्ती में गुरुवार को एक विवाहिता की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजन शव लेकर चंद्रपुरा अस्पताल आए। ससुराल वालों ने कहा कि मृतका ने फांसी लगायी है जबकि यहां पहुंचे मायके वालों का कहना था कि उसकी गला दबाकर हत्या की गयी है।मृतका रोशनी कुमारी(25 वर्ष) की शादी पांच वर्ष पहले दुगदा बस्ती में पृथ्वी केवट उर्फ लालू के साथ हुई थी।मृतका का मायके चितरपुर रामगढ में है जबकि दुगदा बस्ती में हीं उसका ननिहाल भी है।मृतका के पिता की मौत पहले हीं हो चुकी है।इधर मृतका को चंद्रपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे ससुराल वालों ने बताया कि उसने बंद कमरे में फांसी लगा ली जिसे लेकर वे चंद्रपुरा अस्पताल आए।यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना की खबर जब मृतका के मायके व ननिहाल में हुई तो परिजन अस्पताल आए और जमकर हंगामा किया।मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या गला दबाकर की है। आक्रोशित मायके वालों ने कहा कि जबतक पूरे परिवार को पुलिस पकड़ नहीं लेती तबतक पोस्टमार्टम नहीं कराया जायेगा।

## एक ही रात तीन दुकानों में चोरी, लाखो रुपए के सामान व नगद ले गये चोर,घटनास्थल पर मिला जला हुआ बीड़ी और ब्राउन शुगर उपयोग करने का रैपर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

हजारीबाग : कोर्रा थाना क्षेत्र के कोर्रा चौक स्थित एकही बिल्डिंग मे संचालित तीन दुकानों में 17 जून को चोरी की घटना हुई है।दूकान मे चोरी की घटना स्थल पर से बीडी व ब्राउन शुगर का इस्तेमाल करने का साक्ष्य पुलिस को मिला है।घटना की सूचना मिलते ही कोर्रा पुलिस मामले के अनुसंधान मे जुट गयी है।कोर्रा पुलिस घटनास्थल पर जाकर घटना की जांच पडताल की है।कोर्रा चौक स्थित मयंक ट्रेडर्स मे चोरों ने सिलिंग काटकर दूकान मे घूसे।दूकान से चोरों ने लगभग एक लाख के सामान व नगद रुपए की चोरी की है।दूसरी दूकान कोलकता स्वीट्स भंडार मे चोरी हुई।स्वीट्स दूकान के काउंटर मे रखे खुदरा सहित दो हजार रुपए चुरा ले गये।चोरी की तीसरी घटना एक मोबाइल दूकान मे हुई। चोरों ने मोबाइल दूकान से 15 मोबाइल व 25 हजार रुपए की चोरी की।दूकानदारों ने कहा कि कोर्रा थाना क्षेत्र चोर बेलगाम हो गये है। एकही रात तीन दूकानो मे चोरी की घटना पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल उठ रहा है।जिन दूकानों मे चोरी की घटना हुई है, दूकान के अंदर जला हुआ बीडी और ब्राउन शुगर पीने व सूंघने के लिए इस्तेमाल रैपर मिला है।

## वज्रपात से 12 वर्षीय किशोरी की मौत, चार बकरियां भी मरी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : गोला प्रखंड क्षेत्र के रकुवा पंचायत अंतर्गत के पिपराटांड टोला निवासी पूजा कुमारी उम्र 12 वर्ष (पिता दिनेश सोरेन) की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी।परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि तेज हवा आंधी के साथ बारिश के बीच वज्रपात की घटना हुई। इसकी चपेट में पूजा कुमारी आ गयी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि पूजा कुमारी सातवीं वर्ग की छात्रा थी।पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक, लालजी सोरेन सहित अन्य ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## बेरमो के पॉच नंबर धौड़ा स्थित हीरक रड में धधकी भूमिगत आग, हीरक रोड धंसी, महिलाओं ने किया सड़क जाम

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : बेरमो क्षेत्र के पांच नंबर धौड़ा स्थित हीरक रोड किनारे गुरुवार अहले सुबह वर्षों से धधक रही भूमिगत आग अचानक भड़क उठी।आग के असर से सड़क पर जगह-जगह लंबी दरारें आ गईं और सड़क करीब आठ इंच तक धंस गई।घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।सूचना मिलते ही बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह,थाना प्रभारी रोहित सिंह, आरसीडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अमित कुमार, कनीय अभियंता रत्नेश्वर दास, सीसीएल ढोरी के प्रभारी जीएम ऑपरेशन मनोज पाठक समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और भू-धंसान का जायजा लिया।सुरक्षा को देखते हुए बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रभावित मार्ग पर कोल ट्रांसपोर्टिंग सहित बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। सीसीएल प्रबंधन वैकल्पिक मार्ग बनाने की दिशा में पहल कर रहा है।सीओ संजीत कुमार सिंह ने सीसीएल अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि पहले भी भूमिगत आग भड़कने पर आरसीडी अधिकारियों ने कई दिशा-निर्देश दिए थे, लेकिन अनुपालन नहीं होने से दोबारा घटना हुई।सीओ श्री सिंह ने सीसीएल अधिकारियों को डीजीएमएस धनबाद को सूचना देकर भूमिगत आग की जांच और रिपोर्ट मांगी है।उन्होंने चेताया कि अगर इससे कोई जान-माल की हानि होती है तो जिम्मेदार सीसीएल अधिकारी होंगे।



सीसीएल ढोरी के जीएम ऑपरेशन मनोज पाठक ने बताया कि पहले यहां निजी कंपनी ने माइनिंग की थी। भूमिगत आग कहां तक लगी है।इसका माइनिंग डाटा और सर्वे रिपोर्ट नहीं है।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक कारण जानने के लिए एक्सपर्ट टीम से जांच कराई जाएगी।घटना के बाद स्थानीय महिलाओं ने सड़क पर उतरकर कोल ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप कर दी।महिलाओं का कहना है कि लंबे समय से भूमिगत आग की समस्या है, लेकिन अब इसका असर ज्यादा दिखने लगा है। जब तक सीसीएल आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाता, ट्रांसपोर्टिंग शुरू नहीं होने देंगे।मौके पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर आलोक कुमार, सीसीएल के सिविल इंजीनियर सतीश कुमार, एएनएम इंजीनियर अभय कुमार, एसओ सिविल सतीश कुमार सिन्हा, मैनेजर अंजनी कुमार, साइडिंग मैनेजर प्रदीप कुमार, विवेक सिंह, फुसरो नप के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, राजू दिगार, संतोष सिंह, ललन रवानी, रोशन सिंह, भोला निषाद, टूल्लू सिंह, वार्ड पार्षद अल्पना देवी, पार्षद प्रतिनिधि भोला रविदास और स्थानीय महिलाओं में उर्मिला देवी, ममता देवी, सलोनी देवी, कोमल देवी, जूली देवी, मंजू देवी, ज्योति देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## भरभरा कर गिरा स्कूल भवन के छत का प्लास्टर, तीन बच्ची घायल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहर : लाधुप पंचायत अंतर्गत राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दूधीमाटी भवन के छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर नीचे गिर गया।घटना उस वक्त हुई, जब कमरे में बच्चे पढ़ रहे थे।प्लास्टर गिरने से तीन बच्ची घायल हो गई।इनमें अनुप्रिया, दीपिका व गीता शामिल है। अनुप्रिया को गंभीर चोट है।आश्चर्य की बात यह है कि घटना के बाद भी गुरूवार को विद्यालय में आम दिनों की तरह पढ़ाई जारी थी। हालांकि जर्जर कमरे को बंद कर दिया गया है। घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में कराया गया है।गुरूवार को पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू विद्यालय परिसर पहुंचे।घायल बच्चों का हाल जाना. जर्जर विद्यालय को देखा।कहा कि विद्यालय में आठवीं कक्षा तक पढ़ाई होती है।कई बार उन्होंने भी यहां नए भवन निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारी को जानकारी दी है।बावजूद कोई ध्यान नहीं दे रहा। विद्यालय के प्राचार्य सुबोध यादव ने बताया कि स्कूल भवन काफी पुराना है।वह यहां पिछले एक वर्ष से कार्यरत है।भवन में तीन कमरे है. कुल 161 बच्चे नामांकित है।कई बार विभाग को भवन मरम्मति व निर्माण को लेकर लिखित व मौखिक जानकारी दी गई है। पत्राचार भी किया गया है। बताया कि विकास फंड से उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही भवन की मरम्मति व रंगाई-पुताई करवाई थी।घटना के बाद गुरूवार से इस विद्यालय को स्कूल के करीब एक किमी की दूरी पर बने धुमकुड़िया भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। बीडीओ चंदन प्रसाद के आदेश के बाद धुमकुड़िया भवन में ही विद्यालय संचालित किया जा रहा है।इस संबंध में बीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसे लेकर यह कदम उठाया गया है।बच्चों के शिक्षा के लिये सरकार द्वारा पानी की तरह पैसे बहाए जा रहे है। करीब एक वर्ष पूर्व दर्जनों स्कूल में किचन मरम्मति कराया गया।इसमें भी बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी।मॉडल इस्टिमीट बनाकर काम किये गये यहां पिछले करीब दो साल से अधिक समय से बीइओ का पद प्रभार पर चल रहा है। ऐसे में सुदूरवर्ती विद्यालयों का निरीक्षण समय पर नहीं हो पा रहा है।व्यवस्था कब सुधरेगी अब यह भविष्य के गर्त में है।

## हजारीबाग में लघु एवं कुटीर उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा, आर्टिजंस मेले का होगा आयोजन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

हजारीबाग : हजारीबाग उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जनजागरण मंच के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा जिले में संचालित लघु एवं कुटीर उद्योगों की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए योजना के अंतर्गत शामिल विभिन्न ट्रेड, उपलब्ध लाभों तथा ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी पात्र कारीगरों का प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा आर्टिजंस कार्ड बनाने का निर्देश दिया।साथ ही अगले माह तक विशेष अभियान चलाकर अधिकाधिक पात्र लाभुकों का पंजीकरण एवं बैंक ऋण स्वीकृत कराने की कार्ययोजना पर कार्य करने को कहा।जिले के कारीगरों द्वारा निर्मित जूट उत्पाद, सोहराई कला, सिलाई-कढ़ाई, काष्ठ कला, बांस आधारित उत्पाद एवं अन्य हस्तशिल्प सामग्री के विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर्टिजंस मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका, गैर-कृषि उद्यम, सामाजिक समावेशन तथा बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं महिलाओं के जुड़ाव के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय वृद्धि के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आजीविका आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। वित्तीय समावेशन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज सुनिश्चित करने तथा मुद्रा ऋण, बीमा योजनाओं एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं से अधिकाधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बीमा दावों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने की बात कही।बैठक में कृषि, पशुपालन, किसान उत्पादक संगठनों, एकीकृत कृषि क्लस्टर, महिला उद्यमिता, स्वरोजगार तथा सामाजिक समावेशन से संबंधित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

ट्रूथ पर्थ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से
मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580
संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

# बलियापुर में लापरवाह सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर गिरी गाज





ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः बलियापुर प्रखंड व अंचल के निरीक्षण व समीक्षा बैठक में गड़बड़ी व लापरवाही पर डीसी आदित्य रंजन ने बड़ी कार्रवाई की है। बलियापुर की सीडीपीओ का वेतन रोका गया है। एक प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया है। बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के प्रभारी डाक्टर को हटाने का निर्देश डीसी ने दिया है। प्रखंड व अंचल के क्लर्क व अन्य कर्मियों का वेतन रोक दिया है। आंगनबाड़ी की पर्यवेक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जनवितरण प्रणाली की दुकानों तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है। डीसी ने कहा कि लापरवाही और गड़बड़ी करनेवालों की खैर नहीं। डीसी आदित्य रंजन ने गुरुवार को बलियापुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड तथा अंचल क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक के साथ-साथ गठित 12 निरीक्षण टीमों द्वारा बलियापुर प्रखंड की 16 पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। टीमों ने मनरेगा, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, जन वितरण प्रणाली, शिक्षा व्यवस्था, पेयजल योजनाओं सहित अन्य योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी। निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान विभिन्न पंचायतों एवं संस्थानों में अनियमितता, लापरवाही एवं कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना कार्यालय की समीक्षा के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी नहीं होने पर बलियापुर की सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मध्य विद्यालय मोदीडीह के परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र हेतु भूमि से संबंधित भ्रामक पत्र निर्गत करने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया गया। वहीं डोलाबाद उच्च विद्यालय में खराब व्यवस्था को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को शो-कॉज करते हुए उनका वेतन भी रोकने का निर्देश दिया गया। वहीं स्कूलों की बदहाल व्यवस्था पर जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को भी शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया गया। बलियापुर के बीपीओ का वेतन रोकने तथा बीआरसी एवं सीआरसी का वेतन रोकते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का निर्देश भी उपायुक्त ने दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) का वेतन रोकने तथा उनके स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सीएचसी के स्थानांतरण से संबंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। कुसमाटांड पंचायत की समीक्षा के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित भीएलई का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया गया। वहीं संबंधित डाकघर के पोस्टमास्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। प्रधानखंता पंचायत की समीक्षा के दौरान पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। अलकडीहा क्षेत्र में डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य में लापरवाही बरतने वाली संवेदक एजेंसी को हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए म्यूटेशन, विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों, स्टार मार्क मामलों तथा पंजी आगत निर्गत की स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्य में तेजी लाई जाए। उपायुक्त ने आदर्श दाल-भात योजना केंद्रों को मानक स्वरूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी केंद्रों के भवनों की रंगाई-पुताई एक समान हो, रसोइयों की वर्दी एक जैसी हो तथा फर्नीचर, बर्तन, बैनर एवं पोस्टर भी निर्धारित मानक के अनुरूप एकरूपता के साथ उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (रठटटउल) में भी दाल-भात योजना का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न खाद्यान्न गोदामों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्थानीय खाद्य संस्कृति, जैविक कृषि एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने को लेकर कार्यशाला आयोजित



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : बीएसके महाविद्यालय में विश्व सतत गैस्ट्रोनॉमी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय खाद्य पदार्थों, पारंपरिक पाक-कला, स्वस्थ खान-पान की आदतों तथा टिकाऊ खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया सोनाली डांग ने सतत गैस्ट्रोनॉमी दिवस मनाने के कारणों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों तथा उन्हें पकाने की पारंपरिक विधियों को अपनाना न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है, बल्कि स्वस्थ भोजन की आदतों को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने स्थानीय खाद्य विक्रेताओं द्वारा शुद्ध एवं स्थानीय खाद्य सामग्री तथा पारंपरिक पाक-कला को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी चर्चा की। साथ ही कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका एवं उनकी बढ़ती भागीदारी पर भी विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन भी उन्होंने ही किया।जंतु विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. कमलेश पांडेय ने झारखंड के विभिन्न स्थानीय खाद्य पदार्थों जैसे मडुआ (रागी), महुआ, भेलवा, बाजरा आदि की विशेषताओं एवं उनके स्वास्थ्यवर्धक गुणों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि ये पारंपरिक खाद्य पदार्थ पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।वनस्पति विज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. इशिता भट्टाचार्य ने भोजन एवं मानव शरीर के बीच संबंध को विस्तार से समझाया।उन्होंने बताया कि हमारा शरीर हमारे भोजन के अनुसार प्रतिक्रिया करता है। उन्होंने बटन मशरूम की अपेक्षा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध सफेद मशरूम, रुगड़ा, कुल्थी, ब्राह्मी आदि के पोषण एवं औषधीय महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि जैविक (ऑर्गेनिक) खाद्य पदार्थ शरीर को प्राकृतिक एंजाइम प्रदान करते हैं तथा अनेक बीमारियों से बचाने में सहायक होते है।स्वस्थ शरीर के निर्माण में संतुलित एवं प्राकृतिक भोजन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विषय से संबंधित अपने विचार साझा किए तथा अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय खाद्य संस्कृति एवं पारंपरिक पाक-कला के अनुभवों को प्रस्तुत किया।सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्थानीय खाद्य पदार्थों, स्थानीय खाद्य विक्रेताओं तथा पारंपरिक पाक-कला को अपनाने और बढ़ावा देने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध जैविक आम, जामुन तथा बड़हर जैसे फलों का आनंद लिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षण संकाय के डॉ. संध्या गुप्ता, उज्जवल कुमार, रणधीर रजक, महावीर दास, डॉ. हसन चिश्ती, डॉ श्याम किशोर सिंह, डॉ. सुषमा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय योगदान दिया।वहीं गैर-शिक्षण कर्मचारियों में जितेंद्र, निशांत वर्मा, प्रियंका कुमारी, मुकेश, प्रशांत घोष, प्रीतम एवं दिलीप लोहार सहित अन्य कर्मचारियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान की।महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय खाद्य संस्कृति, जैविक कृषि एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## चिरकुंडा में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, प्रशासनिक तैयारी तेज



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : चिरकुंडा नप प्रशासन विभिन्न चौक चौराहे पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया है और जल्द ही इसे लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाने की रूप रेखा बनाने की बात कही है। ईओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि चिरकुंडा शहीद चौक, नेहरू रोड मोड़, तालडांगा मोड़, स्टेशन रोड सहित अन्य क्षेत्र में सड़क किनारे किए अतिक्रमण से आमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।सड़क किनारे सरकारी जमीन पर पक्का दुकान का निर्माण तक कर चुके हैं जो गैर कानूनी है। कहा कि चौक चौराहे पर किए गए अतिक्रमण से प्रायः जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।कहा कि जल्द ही अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर पहले चरण में अतिक्रमण करने वालों की सूची तैयार कर उसे नोटिस निर्गत करेंगे। नोटिस में निर्धारित समय सीमा के अंदर यदि अतिक्रमण नहीं हटता है तो बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। स्वीकार किया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ राजनीतिक- सामाजिक दबाव आता है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण हटाये जाने से जाम की स्थिति के साथ साथ सड़क दुर्घटना पर भी लगाम लगाया जा सकेगा। कहा कि अतिक्रमण हट जाने से चौक चौराहा स्वच्छ व सुंदर भी दिखेगा।

## धनबाद के नए अपर समाहर्ता बने प्रदीप कुमार शुक्ला, संभाला पदभार



धनबाद। जिले के नए अपर समाहर्ता (एसी) के रूप में प्रदीप कुमार शुक्ला ने गुरुवार को पदभार ग्रहण लिया। निवर्तमान अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने उन्हें कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बुधवार की देर शाम जारी हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत धनबाद के अपर समाहर्ता विनोद कुमार का तबादला मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर किया गया है। वहीं, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, रांची में उप सचिव के पद पर कार्यरत प्रदीप कुमार शुक्ला को धनबाद का नया अपर समाहर्ता नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदीप कुमार शुक्ला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग से प्रशासनिक कार्यों को और अधिक पारदर्शी तथा जनोन्मुखी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार शुक्ला का धनबाद से पुराना जुड़ाव रहा है। इससे पूर्व वे जिले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, आइटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल, जिला राजस्व शाखा के कार्यालय अधीक्षक राम विलास राम, सुशील कुमार सिन्हा, प्रधान सहायक कुमार कर्मवीर, मंजू मंझियाइन, मो. सोहराब, प्रशांत कुमार झा, मनीष कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, अंशु देव, राज पृथ्वी राज, तालिब हुसैन, पिंकी कुमारी, उमेश कुमार, पिंकी कुमारी, मोबिन अंसारी आदि थे।

## पानी-बिजली की मांग को लेकर बागडीगी बस्ती का धरना-प्रदर्शन, धूप में महिला हुई बेहोश



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : जिले के झरिया-लोदना क्षेत्र की बागडीगी बस्ती के ग्रामीणों ने गुरुवार को पानी और बिजली की मांग को लेकर लोदना महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। धूप में बैठी एक ग्रामीण महिला मीना देवी धरने के दौरान बेहोश हो गईं, जिन्हें तुरंत निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।ग्रामीण नेता नयन चक्रवर्ती ने बताया कि बागडीगी क्षेत्र पूरी तरह रैयती जमीन पर बसा गांव है, जिसे उनके पूर्वजों ने बीसीएल को दिया था। आज भी वहां से कोयला उत्पादन हो रहा है, लेकिन बस्ती में 24 घंटे में सिर्फ 4 घंटे बिजली मिलती है और पीने का पानी उपलब्ध नहीं है।उन्होंने आरोप लगाया कि स्वर्गीय ए. के. राय के समय बिछाई गई पानी की पाइपलाइन ओपन कास्ट खन शुरू होने के बाद उखाड़ दी गई। पहले आंदोलन के बाद कंपनी ने आधा-अधूरा पाइप बिछवाकर ठेकेदार को पूरा भुगतान कर दिया, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। अभियंता से कनेक्शन की बात करने पर फुर्सत नहीं का जवाब मिलता है, जबकि माडा के जीएम से बात करने को कहा जाता है।नयन चक्रवर्ती ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 3000 की आबादी वाला यह गांव ओपन कास्ट का चक्का जाम करेगा। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी लोदना प्रबंधन की होगी।सूचना पर लोदना जीएम अनिल सिन्हा ने धरना पर बैठे लोगों से अपने कार्यालय में वार्ता की। उन्होंने कहा कि पानी मूलभूत जरूरत है और माडा के साथ बातचीत कर समस्या जल्द सुलझाई जाएगी। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और मैनपावर की कमी से दिक्कत हुई है, लेकिन सुधार कार्य जारी है। शुक्रवार से बदलाव नजर आएगा। जीएम ने अवैध कोयला डिपो के खिलाफ सीआईएसएफ, थाना प्रशासन और इंटरनल सिक्योरिटी के साथ कार्रवाई की बात कही और राष्ट्रीय संपत्ति बचाने में जनता से सहयोग की अपील की।

मौके पर पहुंचे पूर्व पार्षद अनूप साव, सूरज भुईयां और श्रीराम गोराई ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। श्री साव ने कहा कि कंपनी रैयतदारों की जमीन से कोयला निकाल रही है, लेकिन बुनियादी सुविधा नहीं दे रही। उन्होंने लोदना प्रबंधन की तुलना अंग्रेजी शोषक से करते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी ने पहले के पानी कनेक्शन भी खराब कर दिए हैं। चेतावनी दी कि हालात नहीं सुधरे तो ग्रामीण उत्पादन ठप करा देंगे।वार्ता के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। प्रदर्शन में बागडीगी बस्ती, जेलगोरा व हरिजन पट्टी के सैकड़ों ग्रामीण डेक्ची, बाल्टी, गैलन लेकर मुख्य गेट पर पहुंचे थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## स्थाई लोक अदालत ने कैंप कोर्ट में 27 मामलों का किया निपटारा



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्थाई लोक अदालत द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया संग्रामडी में वर्षों से लंबित ऋण संबंधी 27 सुलहनीय मामलों का निपटारा किया गया।

अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार एवं सदस्य सुधीर कुमार सिन्हा तथा दुर्गा चरण निश्चल की पहल से कुल 2 लाख 15 हजार 9 सौ 92 रुपये की रिकवरी कराई गई। अभियान का उद्देश्य आपसी सुलह के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन करना है।

## बांकुड़ा में जनजातीय महिलाओं के लिए मिलेट खेती एवं उद्यमिता कार्यक्रम शुरू किया गया



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद :आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में उच्च गुणवत्ता वाले मिलेट की खेती और जनजातीय महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक फील्ड विजिट एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता वाले मिलेट उत्पादन के माध्यम से पश्चिम बंगाल की जनजातीय महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने तथा डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म विकसित करनेह्व संबंधी परियोजना का हिस्सा है। यह परियोजना पिछले वर्ष से संचालित की जा रही है, जिसके तहत क्षेत्र में पहले भी कई प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान आईआईटी (आईएसएम) की टीम पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सालतोड़ा प्रखंड स्थित रंगामाटिया गांव में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसानों तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ संवाद कर रही है। इसका उद्देश्य मौजूदा कृषि पद्धतियों को समझना, चुनौतियों की पहचान करना और मिलेट आधारित आजीविका एवं उद्यमिता की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही गांव स्तर पर सर्वेक्षण कर फसल पैटर्न, उपलब्ध संसाधनों और बाजार संबंधी चुनौतियों का भी आकलन किया जा रहा है। परियोजना के प्रधान अन्वेषक (पीआई) और प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. निलाद्रि दास ने कहा कि मिलेट खेती ग्रामीण आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। वहीं सह-प्रधान अन्वेषक (को-पीआई) एवं विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक खेती, मूल्य संवर्धन, डिजिटल मार्केटिंग और बाजार से जुड़ाव की जानकारी दी जा रही है। यह पहल महिला सशक्तीकरण, सतत ग्रामीण विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चिरकुंडा नगर परिषद में पानी कनेक्शन के नाम पर 40 हजार मांगने का आरोप, अधिकारी ने लगाई झाड़

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : चिरकुंडा नप क्षेत्र में पानी का कनेक्शन दिए जाने में अनियमितता बरते जाने की शिकायत एक व्यक्ति ने विधायक अरूप चटर्जी व ईओ प्रियंका कुमारी से किया। ईओ प्रियंका कुमारी ने मामले को काफी गंभीरता से लिया और आरोपित प्लंबर व कर्मी को अपने कक्ष में बुलाकर जमकर झाड़ लगाई और हिदायत दिया कि भविष्य में इस प्रकार का कोई शिकायत मिलता है तो कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।मामला चिरकुंडा क्षेत्र के एक व्यवसाई परिवार से जुड़ा हुआ है और लगभग दो वर्ष पुराना है। कुछ तकनीकी अड़चन के कारण भी मामले में देर होने की बात कही जा रही है, साथ ही कनेक्शन के लिए 40 हजार रुपए से अधिक का मांग किया गया। मामला जब ईओ के पास पहुँचा और उन्हें सारी बातें बताई गई तब वास्तविकता सामने आई।संयोगवश माले नेता संतु चटर्जी भी मौजूद थे।ईओ ने प्रक्रिया पूरा कर तत्काल कनेक्शन देने का निर्देश दिया।माले नेता संतु चटर्जी ने बताया कि लोगों को बेवजह परेशान करने व पैसा लेने के लिए इस प्रकार का काम किया जाता है। कहा कि नप क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो बिना कनेक्शन लिए पानी ले रहे हैं और इस कार्य में कार्यालय के कुछ लोगों की संलिप्तता है।कहा कि उन्होंने ईओ से पूरे नप क्षेत्र में पानी कनेक्शन के मामले की जांच के लिए कहा है। जांच के बाद असलियत सामने आएगी।

## आठ लेन मे मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराया, मौके पर ही चालक की दर्दनाक मौत

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : आठ लेन मार्ग के डिनोबली स्कूल भूली के समीप गुरूवार को दोपहर में सड़क दुर्घटना मे करीब 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गया। युवक पल्सर बाइक से शक्ति चौके से धनबाद की ओर तीव्र गति से जा रहा था।इस बीच डिनोबली स्कूल के समीप बाइक डिवाइडर से जा टकराया, बाइक चालक गंभीर चोटिल होकर विपरीत लेन मे जा गिरा।टक्कर इतना जोरदार था कि युवक का सिर के परखच्चे उड़ गया।दो तीन जगहों मे मांस लोथड़े बिखर गये। घटनास्थल पर काफी मात्रा मे रक्त श्राव हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया। सूचना पाकरे ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी सुधांशु श्रीवास्तव व पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस ने शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के दौरान मृतक का नाम राहुल कुमार सिंह, बिलबेरा, हनुमान नगर मधूबन निवासी बताया गया है। पुलिस ने पल्सर बाइक को जब्त कर ओपी ले आया।

## संक्षिप्त खबरें

# पेट्रोल बम हमले के 3 संदिग्ध गिरफ्तार



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के मामले में जांच एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि 16 जून की रात करीब 11:35 बजे आरएसएस कार्यालय को निशाना बनाकर दो पेट्रोल बम फेंके गए थे। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी हुई हैं। रांची पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी झारखंड के निवासी हैं। इनमें एक आरोपी रांची जिले का रहने वाला है, जबकि दो अन्य आरोपी लोहरदगा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश भी जारी है। जांच में पता चला है कि हमलावरों ने आरएसएस कार्यालय पर दो पेट्रोल बम फेंके थे। इनमें से एक पेट्रोल बम कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर मिला, जबकि दूसरा कार्यालय की छत पर फेंका गया था। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इसे गंभीर सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।


# जेयूटी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 विद्यार्थियों का चयन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।कुलपति प्रो डीके सिंह ने बताया कि इनका चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों में हुआ है।यह उपलब्धि विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम, कौशल विकास तथा प्रशिक्षण आधारित शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है।विवि के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा संचालित चयन प्रक्रिया में सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड, आसनसोल ने कुल 50 डिप्लोमा इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 15, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 23 तथा मेटलर्जी इंजीनियरिंग के 12 विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार टीवीएस ब्रैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई 23 विद्यार्थियों का चयन किया गया।चयनित छात्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के हैं। कुलपति ने बताया कि विवि के पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों के लिए क्रेडिट आधारित समर ट्रेनिंग अनिवार्य की गयी है।

# न तो ओटीपी आया न ही लिंक दबाया, फिर भी एक लाख 92 हजार गंवाया



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : तेनुघाट (ओपी) पेटरवार थाना क्षेत्र के चटनियाबागी निवासी अंसारी राजू हकीम मोहम्मद के साथ एक अजीब वाक्या हो गया। राजू के मोबाइल पर न तो किसी तरह का ओटीपी आया और न ही किसी तरह का लिंक ही राजू ने दबाया। इसके बाद भी राजू के खाते (यूपीआइ ट्रांजेक्शन) से दो बार में एक लाख 92 हजार की निकासी हो गयी।इसके बाद भी राजू के मोबाइल पर रुपए निकासी का कोई मैसेज तक नहीं आया।राजू जब अपने खाते से राशि निकालने के लिए बैंक गया, तब उसे एक लाख 92 रुपए निकासी का पता चला। बदहवास राजू ने पहले बैंक से अनुरोध कर सभी तरह के ट्रांजेक्शन पर रोक लगाया।इसके बाद आवेदन लेकर 13 जून को प्राथमिकी दर्ज कराने स्थानीय थाना पहुंचा।आवेदन लेने के बाद थाना के तरफ से चार दिन बाद आने को कहा गया।बैंक की ओर से कार्रवाई करने की बात कहने पर बैंक ने थाना से आवेदन रिसिंग (एफआरआर नंबर) की मांग की।परेशान राजू गुरूवार 18 जून को सेक्टर वन स्थित साइबर थाना पहुंचा। अपनी आपबीती इंस्पेक्टर अनिल कच्छप को सुनायी।इसके बाद श्री कच्छप ने साइबर सेल के पुलिस अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई की बात कही।राजू ने बताया कि महाराष्ट्र के थाणे जिला में फूड डिलिवरी का काम करते है।एक-एक पाई जमा कर रहे है, ताकि घर परिवार चला सके। फिलहाल बोकारो स्थित अपने चटनियाबागी घर आये है। 13 जून को बैंक पैसे निकासी करने गये थे. इसी दौरान पता चला कि नौ जून (94 हजार -अमीना के खाते में ट्रांजेक्शन) व 10 जून (98 हजार - कनुभाई प्रजापति के खाते में ट्रांजेक्शन) को खाते से यूपीआइ द्वारा एक लाख 92 हजार दूसरे दो बैंक खाते में ट्रांजेकशन किया गया है. सभी जगहों पर ऑनलाइन शिकायत कर दी।इसके बाद थाना को आवेदन दिया. चार दिन बात आने की बात कही गयी। बैंक आगे की कार्रवाई के लिए एफआइआर नंबर मांग रहा है।इसके बाद बोकारो स्थित सेक्टर वन साइबर थाना आना पडा।इंस्पेक्टर अनिल कच्छप ने बताया कि भुक्तभोगी की शिकायत को सुना गया है।मामले में तकनीकी तरीके से त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।मोबाइल चलाते वक्त हर किसी को सावधान रहने की जरूरत है।मोबाइल से वित्तीय लेन-देन की जानकारी किसी न तो साझा करे और न ही किसी के समक्ष दिखा कर डिजिटल लेन-देन करें।

# जिला स्तरीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की बैठक आयोजित




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व,सीएसआर समिति की बैठक की। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कंपनियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का उद्देश्य केवल कानूनी दायित्वों का निर्वहन करना नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास में कंपनियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कंपनियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद प्रोत्साहन, नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा आजीविका संवर्द्धन जैसे क्षेत्रों में अधिकाधिक योगदान देने का आह्वान किया।बैठक के दौरान सीएसआर समिति के एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें कंपनियों द्वारा विगत वर्षों में किए गए सीएसआर कार्यों की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी, विभिन्न विभागों से प्राप्त विकासात्मक परियोजनाओं के प्रस्तावों पर विचार तथा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन शामिल रहा।वित्तिय वर्ष 2026-27 अंतर्गत पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा मीडडे मील के खाने हेतु प्लेट और ग्लास का क्रय करने,आईसीआईसीआई बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक के तरफ से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,पांकी के बच्चियों के लिये 160 स्कूल बैग का क्रय किये जाने पर चर्चा हुई।इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालय की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने,टीबी के मरीजों को पोषण पोटली दिये जाने को लेकर बैंकर्स को एम्प्लेनेड करने,सीसीएल के द्वारा उन्नति कृषि पर किये जाने वाले कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों का कार्य एवं एकलव्य विद्यालय मनातू में कंप्यूटर लैब के लिए 33 कंप्यूटर का क्रय करने पर विचार-विमर्श किया गया।इस बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर,सिविल सर्जन डॉ अनिल,जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल,जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा,एलडीएम,सीसीएल राँची के प्रतिनिधि,फेयर माइंस कार्बन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड समेत जिले में कार्यरत विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# झारखंड कृषि व्यापार मेला का भव्य समापन,किसानों के सशक्तीकरण पर रहा जोर




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि


रांची : झारखंड कृषि व्यापार मेला का गुरुवार को भव्य समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हो गया।मेला के दौरान राज्य के कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति, नवाचार और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।समारोह में शीर्ष सरकारी अधिकारियों, कृषि विशेषज्ञों, उद्यमियों और बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।समापन समारोह में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य पालन, उद्यान और डेयरी विकास क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र के विकास में उनके रणनीतिक योगदान और नेतृत्व की सराहना की गयी।समारोह को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीख पी ने राज्य में कृषि क्षेत्र के संरचनात्मक विकास की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने और कृषि आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में सतत कृषि विकास, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और किसानों तक प्रत्यक्ष सहायता प्रणाली को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी हस्तक्षेप से उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ किया जा सकता है।कार्यक्रम में स्थानीय सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिली।समेती (एसएएमईटीआई) के निदेशक द्वारा प्रस्तुत नागपुरी गीत ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और समारोह में सांस्कृतिक रंग भर दिया।समापन समारोह के दौरान कृषि क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार और उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों, संस्थाओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।आयोजकों ने कहा कि झारखंड कृषि व्यापार मेला 2026 ने किसानों, विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराया, जहां कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और नवाचारों पर सार्थक चर्चा हुई. मेले से प्राप्त अनुभव और सुझाव राज्य के कृषि विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगे।

# उपायुक्त ने बिरसा आम बागवानी का किया निरीक्षण, इंटरक्रॉपिंग मॉडल डेवलप करने का दिया निर्देश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लोहरदगा : उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने गुरुवार को किस्को प्रखंड के जनवल गांव में किसान चमरू महतो द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसलों की स्थिति, खेती की पद्धति एवं उत्पादन संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।उपायुक्त ने किसान से बातचीत करते हुए कृषि को अधिक लाभकारी बनाने हेतु की जा रही इंटरक्रॉपिंग (अंतरवर्ती फसल) खेती के मॉडल को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस खेती मॉडल को विकसित कर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनाया जाए, ताकि अधिकाधिक किसान आधुनिक एवं बहुफसली खेती को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने खेत में स्थित कुएं का भी अवलोकन किया तथा सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कुएं को और गहरा करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने बीपीओ (ब्लॉक परियोजना पदाधिकारी) को किसान को ड्रिप सिंचाई प्रणाली उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ड्रिप सिंचाई के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता में भी वृद्धि होगी तथा किसानों की लागत में कमी आएगी।उपायुक्त ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों, इंटरक्रॉपिंग एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# प्रेमी संग महिला फरार, पति पहुंचा थाना, पुलिस कर रही है जांच



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

कोडरमा : तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से एक विवाहित महिला के अपने कथित प्रेमी के साथ फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।महिला अपने साथ बेटे को भी ले गई है। महिला के पति का आरोप है कि अवैध संबंध के चक्कर में पड़कर उसकी पत्नी फरार हो गई और जाते समय लाखों का जेवरात व नकदी भी ले गई। पीड़ित पति व उसके परिवार के लोग गुरुवार को तिलैया थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार थाना को दिए आवेदन में सत्येंद्र कुमार पिता ललन प्रसाद मूल निवासी पुटकी धनबाद ने कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में सुमन कुमारी शर्मा पिता दिनेश ठाकुर निवासी कृष्ण गढ़ देवरिया भोजपुर के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों का वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था तथा वर्ष 2020 में दोनों को एक पुत्र की प्राप्ति हुई।वर्ष 2022 में नौकरी के सिलसिले में वह झुमरीतिलैया आकर रहने लगे।इसी दौरान उसकी पहचान चंदवारा निवासी प्रमोद सोनी से हुई और दोनों के बीच मित्रता बढ़ गई।सत्येंद्र का आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में प्रमोद सोनी का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया. बाद में उसकी पत्नी और प्रमोद सोनी के बीच कथित रूप से अवैध संबंध स्थापित हो गया.सत्येंद्र ने दावा किया कि जब उसे इसकी जानकारी हुई और विरोध किया, तब उसकी पत्नी गाली-गलौज और झगड़ा करने लगी. सत्येंद्र ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 17 जून को उसने अपनी पत्नी और प्रमोद सोनी को आपत्तिजनक स्थिति में देखा। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, मोबाइल छीन लिया तथा जान से मारने की नीयत से हमला किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि घर का ताला तोड़कर करीब ढाई लाख के जेवरात और लगभग 20 हजार रुपये नकद निकाल लिए। पीड़ित ने आवेदन में यह भी कहा है कि दोनों आरोपितों ने उसे घटना की जानकारी किसी को देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी है।सत्येंद्र ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तिलैया थाना पुलिस को दिए गए आवेदन में सत्येंद्र कुमार ने दोनों नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।सत्येंद्र ने अपनी पत्नी व कथित प्रेमी के साथ की कुछ फोटो भी पुलिस को सौंपे हैं।

# पासिंग आउट परेड की तैयारी तेज, निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम : मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत स्वासपुर स्थित कॉन्स्टेबल ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) में प्रस्तावित पासिंग आउट परेड को लेकर तैयारियां अब तेज हो गई हैं। गुरुवार को उपायुक्त राजीव रंजन ने केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान सीटीसी के एसपी विजय आशीष कुजूर, बीडीओ अदिति गुप्ता, माटीगोड़ा पंचायत की मुखिया बॉबी मार्डी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।उपायुक्त ने परेड ग्राउंड, आवासीय व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए।इससे पूर्व बुधवार को आईजी ए. विजय लक्ष्मी एवं जमशेदपुर एसएसपी पीयूष पांडेय ने भी सीटीसी का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था और जवानों को परेड अभ्यास के दौरान अनुशासन बनाए रखने व बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए थे।सीटीसी के एसपी विजय आशीष कुजूर ने बताया कि जल्द ही इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त 353 जवानों एवं चार प्रशिक्षु डीएसपी रैंक के अधिकारियों के लिए पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।बताया जा रहा है कि यह पासिंग आउट परेड पहले ही आयोजित हो जानी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसमें विलंब हुआ। अब लगभग सात महीने बाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।हालांकि अब तक इसकी अंतिम तिथि घोषित नहीं की गई है।स्वासपुर स्थित सीटीसी झारखंड का एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र है, जहां जवानों को आधुनिक एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

# दार्जिलिंग में लोकसभा की याचिका समिति की हाई-लेवल बैठक, सांसद सुखदेव भगत बैठक में हुए शामिल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : दार्जिलिंग के चिया ताज कुटीर में लोकसभा की याचिका संबंधी संसदीय समिति की एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आम जनता से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं और जनहित के गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा। सांसद सुखदेव भगत ने बैठक के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदुओं को साझा करते हुए स्पष्ट किया कि समिति किन मामलों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि याचिकाएं आमतौर पर उन मामलों पर विचारणीय होती हैं, जो सीधे तौर पर केंद्र या राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।विशेषकर ऐसे मामले, जिनके निवारण के लिए पहले से कोई कानूनी सत्र, अदालत या उचित फोरम उपलब्ध नहीं है, उन्हें समिति बेहद गंभीरता से लेती है। बताया गया कि आम जनता के लिए यह समिति सुरक्षा कवच है। यह संसदीय समिति आम जनता की आवाज को सीधे संसद और मंत्रालयों तक पहुँचाने का काम करती है। इसका जन-याचिकाओं का परीक्षण, समिति जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों, विधेयकों और सामान्य जनहित के मामलों का बारीकी से परीक्षण करती है। समिति को यह अधिकार है कि वह संबंधित मंत्रालयों और विभागों से पूरी जानकारी, साक्ष्य और रिपोर्ट मांग सके। साथ ही साक्ष्यों और उचित प्रक्रियाओं को समझने के बाद, समिति मंत्रालयों को निर्देश देकर जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान कराती है। इस बैठक से यह साफ संदेश गया है कि शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए संसदीय समितियां धरातल पर उतरकर काम कर रही हैं, ताकि हर नागरिक की समस्या का सही मंच पर निवारण हो सके। बैठक में बहुत सारे सदस्य एवं विभागीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी की उपस्थित थे।

# सीसीएल में सिविल अधिकारियों का तबादला, चार को मिली नई जिम्मेदारी कोल इंडिया से पदोन्नत होकर आये चार वरिष्ठ प्रबंधकों की विभिन्न क्षेत्रों में तैनाती

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सिविल संवर्ग के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए छह अधिकारियों का तबादला किया है।वहीं, कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य सहायक कंपनियों से पदोन्नत होकर आये चार वरिष्ठ प्रबंधकों को विभिन्न क्षेत्रों में नयी जिम्मेदारी सौंपी गयी है।इस संबंध में अलग-अलग कार्यालय आदेश जारी किया गया है।हजारीबाग क्षेत्र में पदस्थापित एसओ (सिविल) नीलाद्रि बिहारी महंती का तबादला सिविल मुख्यालय के वाटर एंड सैनिटेशन विभाग में किया गया है।वहीं, मुख्यालय में कार्यरत आशीष कुमार राम को एमएंडएस क्षेत्र का नया एसओ (सिविल) बनाया गया है।चंद्रशेखर सिंह को एनके एरिया में एसओ (सिविल) की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जबकि, अनुपम प्रकाश को सीसीएल मुख्यालय के साथ राजहरा क्षेत्र के एसओ (सिविल) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पंकज सरकार का स्थानांतरण एमएंडएस क्षेत्र से एएंडसी क्षेत्र में किया गया है।मो अदनान फारूक को एएंडसी क्षेत्र से एमएंडएस क्षेत्र भेजा गया है।इसके अलावा सीआईएल कोलकाता द्वारा ई-फाइव ग्रेड से ई-सिक्स ग्रेड में पदोन्नत चार अधिकारियों ने सीसीएल में योगदान दिया है। इनमें विकास कुमार को गिरिडीह क्षेत्र, अभिषेक कुमार को हजारीबाग क्षेत्र, कुमार शशांक देव को कथारा क्षेत्र व माधवेंद्र जी वत्स को धोरी क्षेत्र में एसओ (सिविल) के पद पर पदस्थापित किया गया है।सीसीएल प्रबंधन ने सभी स्थानांतरित और नवपदस्थापित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नये कार्यस्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया है।साथ ही क्षेत्रीय महाप्रबंधक अथवा विभागाध्यक्ष को रिपोर्ट करने को कहा गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यभार ग्रहण करने के 15 दिनों के भीतर सभी अधिकारियों को अपना पीआरआईडीई अथवा लक्ष्य निर्धारण प्रपत्र भरना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

## जनसंघ के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बली बाबू से मिले केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, लिया आशीर्वाद



गया जी (एजेंसी) : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को गया जी के रंग बहादुर रोड स्थित जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा के शुरूआती दौर के समर्पित कार्यकर्ता श्रद्धेय बली बाबू के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बली बाबू को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बली बाबू के साथ काफी समय बिताया और जनसंघ तथा भाजपा के संघर्षपूर्ण शुरूआती दिनों से जुड़े उनके अनुभवों और संस्मरणों को सुना। नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा को आज जिस ऊंचाई तक पहुंचाने में सफलता मिली है, उसमें बली बाबू जैसे समर्पित और त्यागी कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य धरोहर हैं और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने बली बाबू को आश्वासन दिया कि अगले वर्ष उनके 100वें जन्मवर्ष (शताब्दी वर्ष) के अवसर पर भाजपा की ओर से भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार तन्नी, नवादा प्रभारी राजेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल कुमार सिन्हा, गोपाल प्रसाद, दीपक पांडेय, प्रशांत कुमार तथा भाजपा मीडिया प्रभारी रणजीत कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकासः पंचायतों को मिलेगा 16वें वित्त आयोग की 80 फीसदी हिस्सा

**गया जिला पंचायती राज पंचायत संसाधन केंद्र में कार्यशाला आयोजित**

**कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई जानकारी**

गया जी (एजेंसी) : आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की पंचायत विकास योजना को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायती राज संसाधन केंद्र में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के तहत ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद की विकास योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन तथा पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) पर विस्तार से चर्चा की गई।अधिकारियों ने बताया कि 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार अब अनुदान राशि का 80 प्रतिशत हिस्सा सीधे ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया जाएगा जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसके साथ ही 50 प्रतिशत बेसिक ग्रांट और 40 प्रतिशत टाइड ग्रांट का उपयोग स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में किया जाएगा।

कार्यशाला में बताया गया कि नई व्यवस्था के तहत स्वच्छता, कर संग्रहण और सुशासन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त बजट दिया जाएगा। इससे पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को बढ़ावा मिलेगा। गया जिले में भी इन प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। अधिकारियों ने विभागीय समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त प्रयास से विकास योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को पारदर्शिता, जवाबदेही और डेटा आधारित योजना निर्माण के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला परिषद के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## विदेशी छात्रों की उम्मीद बनीं आरपीएफ, दो लाख का छूटा सामान पहुंचाया सुरक्षित हाथों तक



**हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में छूट गए थे चार बैग, कोडरमा से हुआ बरामद**

**वीडियो कॉल से कराई गई पहचान, पासपोर्ट सत्यापन के बाद किया सुपुर्द**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : रेलवे सुरक्षा बल ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और ईमानदारी का परिचय देते हुए हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में छूटे करीब दो लाख रुपये मूल्य के सामान को उसके मालिकों तक सुरक्षित पहुंचाकर भरोसे की मिसाल कायम की है। सामान वापस मिलने के बाद बांग्लादेशी छात्रों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने आरपीएफ का आभार जताया।आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि सुरक्षा नियंत्रण कक्ष धनबाद के माध्यम से रेल मदद पोर्टल पर सूचना प्राप्त हुई थी कि गाड़ी संख्या 12307 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस के कोच एस-3 की सीट संख्या 60 एवं 61 पर यात्रा कर रहे पार्थो डे और उनके मित्र के चार बैग ट्रेन में ही छूट गए हैं। सूचना मिलते ही कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के बाद आरपीएफ टीम ने संबंधित कोच की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान सीट के नीचे रखे दो ट्रॉली बैग और दो पिट्ठू बैग सुरक्षित बरामद कर लिए गए। इसके बाद शिकायतकर्ता से वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर बैगों की पहचान कराई गई और सामान को सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट कोडरमा में रखा गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर छात्र पार्थो डे आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और पासपोर्ट दिखाकर अपनी पहचान सत्यापित कराई। जांच में पता चला कि पार्थो डे और उनकी मित्र बांग्लादेश के सिलहट (मौलवी बाजार) के निवासी हैं तथा वर्तमान में वाराणसी स्थित बीएचयू में अध्ययनरत हैं। आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चारों बैग उन्हें सौंप दिए गए। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। सामान सुरक्षित वापस मिलने पर दोनों छात्रों ने आरपीएफ के ऑपरेशन अमानत की सराहना करते हुए कहा कि आरपीएफ की तत्परता और ईमानदारी की बदौलत उनकी बड़ी चिंता दूर हो गई। इस कार्रवाई ने यात्रियों के बीच रेलवे सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है।

# जनसुनवाई में मंत्री डॉ.अशोक चौधरी, डॉ. श्वेता गुप्ता एवं मदन सहनी ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

**नीतीश कुमार को लेकर राजद सुप्रीमो का बयान राजनीति से प्रेरित- अशोक चौधरी**

**बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून प्रभावी रूप से लागू- मदन सहनी**

**अंतिम पंक्ति तक विकास पहुंचाना एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- डॉ. श्वेता गुप्ता**

पटना, (एजेंसी) : गुरुवार को जद (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. श्वेता गुप्ता एवं मदन सहनी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसामान्य से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विधिसम्मत, पारदर्शी एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, लोकप्रकाश सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह ह्यछोटू सिंहह्व भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आवास एवं सुरक्षा से जुड़े सभी निर्णय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप लिए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के प्रभाव में लालू प्रसाद यादव इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव और सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज विश्व मंच पर भारत की आवाज पहले से अधिक प्रभावशाली हुई है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विदेश नीति की सराहना दुनिया के अनेक राष्ट्राध्यक्ष और वैश्विक नेता कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति शुरू से ही ह्यजीरो टॉलरेंसह्व की नीति पर कार्य कर रही है। अपराध नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून प्रभावी रूप से लागू है और इसको सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि एनडीए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नीतीश कुमार के सुशासन और समावेशी विकास के विजन के अनुरूप राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक विकास की रोशनी पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## गरीब कल्याण योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में आया बदलाव:नित्यानन्द

**पीएम मोदी के 12 साल का स्वर्णिम कार्यकाल पर गया में बोले केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय**



गया जी(एजेंसी) : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गया जी आगमन पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीब कल्याण की योजनाएं रही हैं जिनसे देश के करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सहायता दी जा रही है तथा कृषि बजट में भी लगातार वृद्धि की गई है। सरकार ने तीन तलाक जैसी प्रथा को समाप्त किया और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया तथा गरीब परिवारों को निशुल्क अनाज उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंच पर भारत का सम्मान और प्रभाव पहले से कहीं अधिक बढ़ा है।नित्यानंद राय ने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभाव से लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। इसके साथ ही 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है और 60 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला है। वहीं 81 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध करा कर खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि 58 करोड़ से अधिक जनधन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को नई दिशा मिली है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

नित्यानंद राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की तुलना स्वामी विवेकानंद के विचारों से करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 21वीं सदी में विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## वेतन रूका तो थम गई सफाई, कचरे के बोझ तले कराह रहा फतेहपुर नगर

**दो माह से मानदेय नहीं मिलने पर सफाई कर्मियों ने रोका काम, पांच दिनों से सफाई ठप**

**बाजार, मोहल्लों और वार्डों में कूड़े के ढेर, जाम नालियों से बढ़ी जलजमाव की समस्या**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : फतेहपुर नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। सफाई कर्मियों को पिछले दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उन्होंने काम बंद कर दिया है, जिससे पूरे नगर क्षेत्र में गंदगी का संकट गहरा गया है। बीते पांच दिनों से न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही कूड़ा-कचरा का उठाव, जिसके कारण शहर के मुख्य बाजार, सड़कों, गलियों और विभिन्न वार्डों में कचरे के ढेर जमा हो गए हैं। नगर के कई हिस्सों में नालियों की सफाई नहीं होने से जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। नालियां जाम होने के कारण जगह-जगह जलजमाव की स्थिति बन रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। बाजार क्षेत्रों में फैले कचरे और उससे उठ रही दुर्गंध के कारण दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। बरसात के मौसम में गंदगी और जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। नगरवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से सफाई कर्मियों के लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान कर सफाई व्यवस्था को जल्द पटरी पर लाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वच्छता जैसी बुनियादी व्यवस्था प्रभावित होने से पूरे नगर की व्यवस्था चरमरा गई है और इसका शीघ्र समाधान आवश्यक है।

## युवक को कट्टा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर डालना पड़ा भारी



**टनकुप्पा पुलिस ने युवक को हथियार समेत दबोचा**

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर हुई पहचान व गिरफ्तारी**

**टनकुप्पा के सोनारखाप गांव का रहने वाला है आरोपी विक्की कुमार, बरामद हुआ देशी कट्टा**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाले युवक को टनकुप्पा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके द्वारा छिपाकर रखा गया देशी कट्टा भी बरामद कर लिया है। आरोपी विक्की कुमार टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सोनारखाप गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक खुलेआम देशी कट्टा लहराते हुए दिखाई दे रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए वीडियो की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान युवक की पहचान विक्की कुमार, पिता हरिद्वार यादव, ग्राम सोनारखाप, थाना टनकुप्पा, जिला गया के रूप में की गई। उन्होंने बताया कि पहचान होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार किंडर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर छिपाकर रखा गया देशी कट्टा भी बरामद कर लिया गया है। हथियार को जब्त कर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।उन्होंने ने बताया कि अवैध हथियारों के प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## आरपीएफ की ईमानदारी बनीं मिसाल, छह लाख के गहनों से भरा बैग चंद्रपुरा के यात्री को लौटाया

**पहाड़पुर स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में प्लेटफॉर्म पर ही छूट गया था ट्रॉली बैग**

**सोने-चांदी के सभी जेवर सुरक्षित पाकर यात्री ने जताया आभार**



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : रेलवे सुरक्षा बल ने अपनी तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए लगभग छह लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरों से भरा ट्रॉली बैग उसके वास्तविक मालिक को सुरक्षित सौंप दिया। आरपीएफ की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्री और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली तथा बल के प्रति आभार व्यक्त किया।आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि बुधवार को ट्रेन संख्या 18625 डाउन के पहाड़पुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर पहुंचने के दौरान ट्रेन पासिंग ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी विनय कुमार एवं आरक्षी दिलीप कुमार सिंह ने एक यात्री को परिवार सहित कोच संख्या बी-2 में सवार होते देखा। इसी दौरान जल्दबाजी में यात्री का प्रपल रंग का ट्रॉली बैग प्लेटफॉर्म पर ही छूट गया और ट्रेन खुल गई। ट्रेन रवाना होने के बाद आरपीएफ जवानों ने बैग को सुरक्षित कब्जे में लेकर आरपीएफ आउट पोस्ट में जमा कराया। इसके बाद बैग के वास्तविक मालिक की तलाश शुरू की गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के आधार पर प्रमोद कुमार से संपर्क स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पहाड़पुर से चंद्रपुरा की यात्रा कर रहे थे और उनका ट्रॉली बैग स्टेशन पर छूट गया है, जिसमें कीमती गहने रखे हुए हैं।उन्होंने बताया कि आरपीएफ ने उन्हें बैग सुरक्षित मिलने की सूचना दी। बाद में उनके साले विकास कुमार आवश्यक पहचान पत्र और आवेदन के साथ पहाड़पुर स्टेशन पहुंचे। प्रमोद कुमार को वीडियो कॉल से जोड़कर बैग खोला गया और उसमें रखे सामान का सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान बैग में सोने के झुमके, अंगूठी, मंगलसूत्र, चैन, जितिया, लॉकेट तथा चांदी की पायल और बिछिया सहित सभी आभूषण सुरक्षित पाए गए। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैग और उसमें रखे सभी सामान परिजनों को सौंप दिए गए। प्रमोद कुमार ने बरामद गहनों और अन्य सामान की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये बताई। उन्होंने सामान सुरक्षित वापस मिलने पर आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनकी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

## जनकल्याण शिविर में उमड़े ग्रामीणों, तीन दिनों में 249 आवेदनों का मौके पर किया निस्तारण

**सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगा विशेष शिविर**

**-आयुष्मान, पेंशन, श्रमिक कार्ड समेत कई योजनाओं की दी गई जानकारी**



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : टनकुप्पा प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सहयोग सह- जनकल्याण शिविर गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ लाभुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किए।बीडीओ अलीशा कुमारी ने बताया कि शिविर के पहले दिन 16 जून को 53, दूसरे दिन 17 जून को 94 तथा अंतिम दिन 18 जून को 102 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 249 आवेदन जमा हुए। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा निष्पादन कर दिया गया है। शिविर के दौरान लोगों को आयुष्मान भारत योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक कार्ड, किसान कल्याण योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझा। बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के साथ योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया गया। प्रशासन ने शिविर को पूरी तरह सफल बताते हुए इसमें सहयोग करने वाले ग्रामीणों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वेतन संकट पर मुख्य पार्षद सख्त, सफाई व्यवस्था पर मांगा तीन दिन में हिसाब

**संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मामला उच्च अधिकारियों तक ले जाने की चेतावनी**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : फतेहपुर नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था की लगातार बिगड़ती स्थिति और सफाईकर्मियों के लंबित वेतन भुगतान को लेकर मुख्य पार्षद रवि कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेजकर तीन दिनों के भीतर पूरे मामले पर स्पष्ट और लिखित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही वेतन भुगतान में हुई देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग भी की है। मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। सफाईकर्मियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण वे बार-बार हड़ताल पर जा रहे हैं, जिससे नियमित सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है और विभिन्न वार्डों तथा बाजार क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लग रहा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष होने के नाते नागरिक लगातार उनसे सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल पूछ रहे हैं। ऐसे में प्रशासनिक लापरवाही से जनप्रतिनिधियों की भी जवाबदेही प्रभावित हो रही है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से पूछा है कि वेतन भुगतान लंबित रहने के पीछे क्या कारण हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है तथा बकाया राशि का भुगतान किस तिथि तक किया जाएगा।

## संपादकीय

# भारत की शिक्षा नीति पर राहुल गांधी का प्रहार

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को राजस्थान के कोटा शहर पहुंचे। कोटा वह केंद्र है जहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्र दसवीं के बाद से पहुंचना शुरू हो जाते हैं। 4 से 5 साल वह कोटा में कोचिंग लेते हैं। लाखों रुपए खर्च करते हैं। बड़े-बड़े सपने बुनते हैं। नीट परीक्षा में जो 1000 बच्चे कोटा से कोचिंग और प्रशिक्षण लेकर शामिल होते हैं, उनमें से कुछ ही बच्चों का चयन होता है। इसी तरह से अन्य प्रतियोगी परीक्षा, जिसमें यूपीएससी, जेईई, एसएससी, आरआरबी में हजारों छात्र, हर साल लाखों रुपए फीस में खर्च करते हैं। नीट की परीक्षा में 22 लाख परिवारों के लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपए हर वर्ष खर्च हो जाते हैं। अन्य परीक्षाओं को भी यदि इसमें जोड़ दिया जाए, तो इसमें करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए छात्र और उनके परिवारजन प्रतिवर्ष खर्च करते हैं। इस दौड़ में मात्र 1000 बच्चों में से 12 बच्चे ही सफल होते हैं। राहुल गांधी ने पहली बार छात्रों को यह समझाया है, करियर बनाने के लिए इनके अलावा भी और अन्य कई माध्यम हैं। जहां इससे बेहतर कैरियर बन सकता है। यदि सारे लोग एक ही जगह झुंड बनाकर जाएंगे, तो जो सिलेक्शन सिस्टम है, उसमें सफल लोगों की संख्या बहुत कम है। असफल लोगों की संख्या लाखों में है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली भारत के छात्रों के लिए कहीं से उपयुक्त नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं और वर्तमान शिक्षा प्रणाली ने पढ़ाई के नाम पर कमाई करना शुरू कर दी है। शिक्षा अब शिक्षा नहीं रह गई है, एक व्यवसाय बन गई है। सपने दिखाकर बाजारबाद के जरिए कॉलेज और कोचिंग की फीस के नाम पर 3.5 लाख करोड़ से ज्यादा की कमाई शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा की जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्ती परीक्षा में जिस तरह की लूट और भ्रष्टाचार हो रहा है, उसने युवा पीढ़ी का भविष्य एक तरह से अंधकार में कर दिया है। राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा में जाकर शिक्षा के व्यवसायीकरण पर जबरदस्त प्रहार किया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के पांच मंत्रालयों का जितना बजट है, उतना पैसा सरकार कोचिंग संस्थान और शिक्षा के नाम पर जो कॉलेज चल रहे हैं, वह छात्रों से वसूल करके उन्हें परीक्षाओं की दौड़ में शामिल करते हैं। हजार में से महज 10 या 12 का चयन होता है। बाकी 989 छात्र इस दौड़ में असफल होते हैं। यह असफलता उन्हें हमेशा के लिए कुंठित कर देती है। यह व्यवस्था कहीं से भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा भारत सरकार की यह शिक्षा नीति बदलने की जरूरत है। छात्रों को भी अपनी सोच बदलने की जरूरत है।

मनुष्य का दिमाग ही सब कुछ है, जो वह सोचता है वही वह बनता है।
:गौतम बुद्ध

ना तो कोई किसी का मित्र है ना ही शत्रु है। व्यवहार से ही मित्र या शत्रु बनते हैं।
: हितोपदेश

# इधर पत्ता हिला उधर बिजली मैया कोप भवन पंहुची.....

बिजली विभाग ने अपने विभाग से इतर एक और सेवा शुरू की है और वो है तेज हवाओं वाले मौसम की निःशुल्क जानकारी देने की ,यदि आप अपने घर में आराम की मुद्रा में बिस्तर पर लेटे हैं हैं और अचानक बिजली गोल हो जाए तो समझ लीजिए कि हवा सामान्य से थोड़ी बहुत तेज गति से चलने का माहौल बन रहा है। ऐसा नहीं कि मौसम में ये बदलाव पहले नहीं होते थे। मगर कम ही मौकों पर बिजली विभाग जानकारी देने की जरूरत समझता था। व्यवस्था इतनी पुख्ता रहती थी कि तेज हवाएं चलने पर भी बिजली सप्लाई पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ता था अब हालत ये है कि हल्की हवा से पेड़ों के पत्ते हिलने शुरू ही होते हैं और बिजली मैया कोप भवन में चली जाती हैं ।बिजली विभाग के आला अफसरों के घर तो इनवर्टर समेत तमाम वैकल्पिक व्यवस्थाएं मौजूद रहती हैं सो वे क्या जानें कि अचानक बिजली चली जाने से होने वाली उमस भरी गर्मी कितनी तकलीफ देह होती है। सजा भुगतता है वो आम आदमी जो बिजली का बिल ईमानदारी से चुकाता है, हर साल बढ़ती बिजली दरों की मार झेलता है और जबरिया स्मार्ट मीटर लगाने जैसी गुंडई खामोशी से बर्दाश्त करता है। असुविधा सिर्फ गर्मी से होने वाली परेशानी और आराम में खलल की नहीं है और भी कितनी परेशानियां हैं। पढ़ने वाले परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और जरा सी हवा चलते ही बिजली चली जाती है ,आटा आधा पिसा है चक्की बंद हो जाती है, पानी की टंकी भरना है और बिजली नहीं है, टीवी देख रहे हैं सस्पेंस फिल्म का सस्पेंस सामने आने वाला है कि बिजली गोल, कार के पंक्चर टायर को सुधारने के बाद जैसे ही हवा भरने की शुरूआत हुई बिजली गायब, अब बैठे रहो बिना हवा के टायर को लेकर, कन्हा तक गिनाएं ये परेशानियां

सवाल ये है कि जब उपभोक्ता ईमानदारी से बिल चुकाता है तो उसे निर्बाध बिजली सप्लाई क्यों नहीं मिलना चाहिए। हर साल कंपनियां मैंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करती हैं। पेड़ों की डालें निर्ममता से काटी जाती है। आम उपभोक्ता बिना सूचना किए जाने वाले शट डाउन की परेशानी झेलती है। तो फिर इस बारे सर्कस का फायदा ही क्या है ? जुल्म तो ये भी है कि तथाकथित मेंटेनेंस पर होने वाला ये खर्च टैरिफ वृद्धि के माध्यम से जनता से ही वसूल किया जाता है,अगर बिजली कंपनी सुन रही है और उसे सचमुच उपभोक्ता की फि क्र है तो ऐसे तरीके अपनाए जिससे थोड़े से हवा पानी में ही बिजली गुल हो जाने की समस्या से निजात मिले। जहां तक मौसम की जानकारी का सवाल है तो उसके लिए सरकार ने मौसम विभाग बना कर रखा है पहले अपना डिपार्टमेंट सम्भाल लो फिर दूसरे डिपार्टमेंट में टाँग अड़ाना।

बुरे दिनों में ऐसा ही होता है कहते हैं जब इंसान के बुरे दिन आते हैं तो सारे काम उल्टे होने लगते हैं वो जहां हाथ डालता है वहीं उसके सामने असफलता आकर खड़ी हो जाती है आजकल यही हाल है देश में 70 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी का , अब देखो राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए कितने दिन से लफड़ा चल रहा था कि किसको सीट मिलेगी, किसको उम्मीदवार बनाया जाएगा, चूंकि आजकल महिलाओं को लेकर सभी राजनीतिक दल बड़े चिंतित दिखाई दे रहे हैं इसलिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को कैंडिडेट बना दिया लेकिन बदकिस्मती तो देखो उनके नामांकन पत्र में एक छोटी सी गलती क्या हो गई रिटर्निंग ऑफिसर ने उनका फॉर्म ही निरस्त कर दिया, बेचारे कांग्रेसी रिटर्निंग ऑफिसर के दरवाजे से लेकर चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट पता नहीं कहां-कहां चले गए लेकिन हाथ की आई शून्य अब कह रहे हैं हम सड़कों पर आंदोलन करेंगे ,अरे भैया कितने सालों से राजनीति कर रहे हो, हजारों नामांकन फॉर्म भरे होंगे आपके नेताओं ने, बड़े-बड़े वकीलों की फौज है उसके बाद भी ऐसी गलती कि नामांकन फार्म ही रिजेक्ट हो गया। अब बीजेपी वाले मजा ले रहे हैं वे तो पहले से ही कह रहे थे कि तीनों सीटें हम ही जीतेंगे बीजेपी के इस कॉंफिडेंस से घबरा कर अपने विधायकों को कांग्रेस ने हिमाचल तो कहीं बेंगलुरु शिफ्ट करवाने का निर्णय ले किया । पत्नी और बाल बच्चों समेत सारे विधायक एयरपोर्ट पहुंच गए लेकिन अचानक खबर आई कि भैया वापस आ जाओ कहीं जाने की जरूरत नहीं है अपने प्रत्याशी का फॉर्म रिजेक्ट हो गया, यानी न केवल मीनाक्षी जी का ही टाइम खराब चल रहा है बल्कि पूरे कांग्रेस विधायकों की ही कुंडली में पता नहीं कौन से ग्रह बैठ गए हैं अब सड़कों पर लड़ाई लड़ने से क्या होने वाला है जो हाथ में था वो चला गया, अब लगाते रहो इलेक्शन पिटिशन कब सुनवाई होगी ,कब निर्णय होगा तब तक तो पांच साल बीत ही जाएंगे। अपनी तो सलाह है कांग्रेस वालों को ,भैया अपनी और अपनी पूरी पार्टी की कुंडली किसी अच्छे पंडित को दिखाओ कुछ पूजा पाठ करवाओ वरना ऐसी अलसेट खाते रहोगे। बिछड़े सभी बारी-बारी

मशहूर फिल्मकार गुरुदत्त की क्लासिक फिल्म प्यासा का एक गाना बिछड़े सभी बारी-बारी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता दीदी पर पूरी तरह सटीक बैठ रहा है। जब तक सत्ता में रही 15 साल उन तमाम लोगों ने खूब जमकर सत्ता की मलाई खाई दीदी दीदी कहते हुए उनकी जुबान नहीं रुकती थी टीएमसी के वो नेता जो आज अभिषेक बनर्जी को गाली दे रहे हैं उस वक्त उनकी चरण वंदना करने में कोई पीछे नहीं रहता था, लेकिन वक्त बदलते ही क्या हाल हो गया ममता दीदी का। चुनाव क्या हारी सारे संगीसाथी एक-एक करके बिछड़ने लगे क्या विधायक क्या सांसद, क्या नेता, सारे के सारे अभिषेक बनर्जी की तानाशाही का रोना रोने लगे, अरे भैया जब वो सत्ता में थे तब तानाशाह नहीं थे क्या ? उस वक्त तो आप लोग उनकी ऐसी पूजा करते थे मानो भगवान हों लेकिन जैसे ही सत्ता गई अब वो आपको तानाशाह नजर आने लगे , वैसे भी अब राजनीति में किसी का कोई भरोसा बचा नहीं है कब कौन कहां चला जाए, कौन कहां से इधर आ जाए इधर से उधर दौड़ लगा दे ये तो बहुत आसान बात हो गई है और सही भी है, नेता राजनीति में सत्ता के लिए ही तो आता है जैसे मक्खी शहद की तरफ दौड़ती है वैसे ही नेता भी तो सत्ता की तरफ दौड़ते हैं क्योंकि सारी इज्जत तो सत्ता के कारण ही रहती है , इसलिए ममता दीदी आप चिंता मत करो ये तो होना ही था फिर कभी भविष्य में सत्ता हाथ में आएगी तो यही लोग जो आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं फिर आपकी शरण में आएंगे देख लेना वक्त बदलते देर नहीं लगती।सुपर हिट ऑफ द वीक श्रीमान जी को अंग्रेजी बोलने का बुखार चढ़ा हुआ था और श्रीमती जी अंग्रेजी में जीरो थी एक दिन श्रीमती जी ने स्वादिष्ट खाना बनाया और एक निवाला श्रीमान जी के गले में अटक गया खांसते खांसते उनकी मौत हो गई किसी ने श्रीमती जी से पूछा क्या हो गया था उन्हें कुछ नहीं एक ग्लास पानी भी नहीं मांग सके बेचारे वॉटर वॉटर करते करते मर गए

चैतन्य भट्ट

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# डांसिंग गर्ल : जिसे ढककर हम खुद को उजागर कर बैठे

इतिहास बदलने के लिए बड़े फैसलों की जरूरत नहीं होती; कभी-कभी एक छोटी-सी शेडिंग ही काफी है। सिंधु घाटी सभ्यता की कांस्य प्रतिमा ₹डांसिंग गर्ल₹ आज इसी कारण विवाद में है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त लगभग 4500 वर्ष पुरानी (2500-2300 ईसा पूर्व) यह प्रतिमा भारतीय पुरातत्व की महत्वपूर्ण धरोहरों में गिनी जाती है। एक हाथ कमर पर रखे आत्मविश्वास से खड़ी यह किशोरी केवल कलाकृति नहीं, बल्कि उस सभ्यता की सहजता, कलाबोध और आत्मविश्वास का प्रमाण है। हाल ही में एनसीईआरटी की कक्षा 9 की कला शिक्षा पुस्तक ह्यमधुरिमाह्ल में उसके नग्न धड़ को शेडिंग से ढक दिया गया। मामूली दिखने वाला यह बदलाव राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया। सवाल प्रतिमा का नहीं, उस दृष्टि का है जिससे हम अपने अतीत को देख रहे हैं। क्या हम इतिहास को उसके वास्तविक रूप में स्वीकार कर रहे हैं, या उसे अपने समय की नैतिक कसौटियों के अनुरूप बदल रहे हैं?

डांसिंग गर्ल केवल प्रतिमा नहीं, एक सभ्यता का आत्मविश्वास है। लॉस्ट-वैक्स तकनीक से बनी यह 10.5 सेंटीमीटर कांस्य मूर्ति दिखाती है कि सिंधु सभ्यता धातु-कला, सौंदर्य-बोध और रचनात्मकता में कितनी विकसित थी। उसकी मुद्रा उस समाज की सहजता का प्रमाण है, जहाँ शरीर संकोच का विषय नहीं था। दशकों तक यह प्रतिमा एनसीईआरटी की पुस्तकों में बिना बदलाव प्रकाशित होती रही और लाखों विद्यार्थियों ने इसे इतिहास के प्रमाण के रूप में देखा। ऐसे में अचानक इसे ₹उम्र के अनुकूल₹ बनाने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इतिहास को इतिहास की तरह दिखाना अब पर्याप्त नहीं है? यह बदलाव केवल चित्र का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो अतीत को उसकी वास्तविकता से नहीं, बल्कि वर्तमान की असहजताओं से परिभाषित करती है।

यह बदलाव केवल संपादन नहीं, इतिहास की पुनर्रचना जैसा है। इतिहासकार मिशेल डैनिनो ने इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे ₹सेंसरशिप₹ और ₹फर्जी कलाकृति₹ का निर्माण बताया। उनका तर्क था कि किसी ऐतिहासिक वस्तु का मूल रूप बदलने पर विद्यार्थी वास्तविक इतिहास नहीं, बल्कि उसका संपादित संस्करण देखते हैं—यह बौद्धिक अन्याय है। उन्होंने इसे प्राचीन भारत पर विक्टोरियन नैतिकता थोपने की कोशिश भी कहा। विडंबना यह है कि जिस सभ्यता ने कला को सहज स्वीकार किया, उसके प्रतीकों पर आज कृत्रिम शालीनता लादी जा रही है। जबकि इतिहास का काम सुविधा के अनुसार बदलना नहीं, बल्कि असुविधाजनक सच्चाइयों से रूबरू कराना है।

यह विवाद भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की समझ पर सवाल खड़ा करता है। खजुराहो के मंदिर, कोणार्क का सूर्य मंदिर, अजंता-एलोरा की चित्रकला और गुप्तकालीन मूर्तिशिल्प बताते हैं कि भारतीय कला में मानव शरीर सदैव सौंदर्य और अभिव्यक्ति का माध्यम रहा है। यहाँ नग्नता को अश्लीलता नहीं, बल्कि स्वाभाविकता, शक्ति, सृजन और सौंदर्य का प्रतीक माना गया। कामसूत्र की परंपरा वाली इस सभ्यता में यदि आज अपनी ही कलात्मक विरासत पर असहजता होने लगे, तो प्रश्न उठता है—बदल इतिहास रहा है या हमारी दृष्टि? डांसिंग गर्ल की नग्नता अश्लीलता नहीं, उस युग की सांस्कृतिक सहजता का प्रमाण है। उसे ढकने का प्रयास उस समझ को ढकने जैसा है, जिसने उस कला को जन्म दिया था।

इस विवाद की एक और परत भीतर का विरोधाभास खोलती है। एनसीईआरटी की कक्षा 6 की सामाजिक विज्ञान पुस्तक में यही प्रतिमा अपने मूल रूप में है, जबकि कक्षा 9 की कला शिक्षा पुस्तक में उसका संशोधित रूप दिखाया गया है। एक ही संस्था की दो पुस्तकों में एक ही ऐतिहासिक वस्तु के दो अलग-अलग रूप शिक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाते हैं। क्या हम छात्रों को इतिहास पढ़ा रहे हैं या उसे अपने वर्तमान मानकों के अनुसार ढाल रहे हैं? यह केवल एक चित्र का मामला नहीं, बल्कि उस प्रवृत्ति का संकेत है जहाँ पाठ्यक्रम संशोधन के नाम पर इतिहास और पुरातत्व पर वैचारिक दबाव दिखने लगता है। जब तथ्य बदलते हैं, तो शिक्षा का आधार कमजोर पड़ता है।

सांस्कृतिक संवेदनशीलता का तर्क नकारा नहीं जा सकता। कुछ अभिभावक और शिक्षक मानते हैं कि किशोर विद्यार्थियों के सामने नग्नता का प्रदर्शन सावधानी से होना चाहिए। लेकिन सवाल यह है—समाधान समझाना है या छिपाना? शिक्षा का दायित्व संदर्भ देना है, न कि तथ्य बदलना। यदि किसी कलाकृति में नग्नता है, तो छात्रों को बताया जा सकता है कि प्राचीन कला में उसका अर्थ आधुनिक दृष्टि से अलग था—वह शक्ति, सौंदर्य, स्वतंत्रता और स्वाभाविकता का प्रतीक भी हो सकती है। हर असहज तथ्य पर शेडिंग चढ़ाते रहेंगे तो अगली पीढ़ी इतिहास नहीं, उसका सुविधाजनक संस्करण पढ़ेगी। तब पाठ्यपुस्तकें दस्तावेज कम और कल्पना अधिक बन जाएँगी।

शिक्षा मंत्रालय के स्पष्टीकरण और सार्वजनिक आलोचना के बाद एनसीईआरटी ने मूल छवि बहाल करने का निर्णय लिया। डिजिटल संस्करण में तुरंत संशोधन हुआ और भविष्य की मुद्रित प्रतियों में भी मूल प्रतिमा प्रकाशित करने की घोषणा की गई। यह कदम स्वागत योग्य है, लेकिन सवाल छोड़ता है कि शुरूआत में यह परिवर्तन क्यों किया गया। यह निर्णय दिखाता है कि पाठ्यपुस्तकें अब केवल शैक्षणिक सामग्री नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष का भी हिस्सा बन चुकी हैं। यह घटना याद दिलाती है कि संवेदनशीलता और सेंसरशिप की रेखा बहुत पतली है, और उसे पार करने पर संस्थाओं पर भरोसा कमजोर पड़ सकता है।

डांसिंग गर्ल विवाद किसी प्रतिमा का नहीं, हमारे आत्मविश्वास का है। राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी यह डांसिंग गर्ल हर वर्ष असंख्य विद्यार्थी और पर्यटक देखते हैं, और कोई उसे अश्लीलता नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की उपलब्धि मानता है। यदि हम अपनी विरासत को उसके वास्तविक रूप में स्वीकार नहीं कर सकते, तो उसके गौरव पर गर्व भी अधूरा है। इतिहास को ढक देने से वह बदलता नहीं, केवल हमारी समझ सीमित होती है। पाठ्यपुस्तकें ज्ञान की खिड़कियाँ हैं, नैतिकता की दीवारें नहीं। डांसिंग गर्ल को उसकी पूर्ण वास्तविकता के साथ स्वीकार करना ही उस सभ्यता का सच्चा सम्मान है, जिसने हजारों वर्ष पहले आत्मविश्वास को कांस्य में ढाल दिया था।

प्रो. आरके जैन अरिजीत

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7547

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7546 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**19 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 170 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 17.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 10.07 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 14.54 बजे को समाप्त।
**करण** बव 05.54 बजे, बालव 17.00 बजे तदनन्तर कौलव 04.18 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 3.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872745
**जूलियन दिन** 2461210.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 03
**विशेष** स्कन्द षष्ठी।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.00 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कर्क | 07.17 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.33 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.45 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 13.56 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.10 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.26 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.31 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.18 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.51 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 01.21 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 03.01 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# अपराध की दुनिया में महिलाओं के बढ़ते कदम

आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में अपराध जगत में महिलाओं की उपस्थिति चिंताजनक स्तर तक पहुंच सकती है।

यह एक कटु सत्य है कि अनेक मामलों में महिलाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने का कार्य उनके अपने परिवार या आसपास के लोग ही करते हैं। इसके पीछे यह सोच काम करती है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को महिलाओं पर अपेक्षाकृत कम संदेह होता है। इसी मानसिकता का लाभ उठाकर अपराधी तत्व महिलाओं का उपयोग अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करते हैं। अपराध जगत में एक वर्ग उन महिलाओं का है जो अपराधी परिवारों से जुड़ी होने के कारण स्वयं इसमें शामिल हो जाती हैं, जबकि दूसरा वर्ग उन गरीब, अशिक्षित, उपेक्षित और मजबूर महिलाओं का है जिन्हें बहला फुसलाकर या लालच देकर गैरकानूनी कार्यों में धकेल दिया जाता है। इसका उद्देश्य अक्सर वास्तविक अपराधियों को कानून के शिकंजे से बचाना होता है। हालांकि यह भी सच है कि कई मामलों में महिलाएं केवल मोहरे के रूप में ही नहीं, बल्कि सक्रिय अपराधी और अपराध की योजनाकार के रूप में भी सामने आई हैं। धन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद और प्रेम प्रसंगों से जुड़े मामलों में सुपारी देकर अपने ही परिजनों की हत्या करवाने जैसी घटनाएं समाज को झकझोरने वाली हैं। ऐसे अपराध यह दशार्ते हैं कि नैतिक मूल्यों का ह्रास किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है।

भारत जैसे देश में, जहां महिलाओं को मातृशक्ति के रूप में सम्मान और पूजनीय स्थान प्राप्त है, वहां अपराध की दुनिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। यह विडंबना ही है कि देश के कई राज्यों में महिला अपराधियों पर भी पुलिस द्वारा हजारों और लाखों रुपये के इनाम घोषित किए जा चुके हैं। निस्संदेह, विपरीत परिस्थितियों में अपनी जान, सम्मान या परिवार की रक्षा के लिए किया गया कोई भी कदम अलग संदर्भ रखता है, किंतु किसी महिला की मजबूरी का अनुचित लाभ उठाकर उसे अपराध की राह पर ले जाना अथवा पारिवारिक अवैध धंधों में उसकी जानबूझकर भागीदारी सुनिश्चित करना एक गंभीर और अक्षम्य अपराध है। समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी महिलाओं को अपराध के दलदल में धकेलने वाले लोगों, उनके सरगनाओं तथा धन, संपत्ति, प्रेम-प्रसंग या अवैध कारोबार के कारण हत्या और अन्य गंभीर अपराधों की साजिश रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। कानून का भय और न्याय की दृढ़ता ही इस बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है।एक ओर भारत सरकार महिलाओं को विकास, शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर समाज के शिक्षित और संपन्न वर्ग की कुछ महिलाओं का अपराधों में संलिप्त पाया जाना इस सकारात्मक उद्देश्य को कमजोर करता है। इसलिए आवश्यकता केवल कानून की सख्ती की नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की भी है। यदि समाज, परिवार और शासन मिलकर महिलाओं को सम्मानजनक अवसर, सुरक्षा और सही दिशा प्रदान करें, तो वे अपराध की दुनिया का हिस्सा बनने के बजाय राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास की सशक्त भागीदार बन सकती हैं। यही एक स्वस्थ, सुरक्षित और प्रगतिशील भारत की पहचान होगी।

अरविंद रावल

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)



# टीवी इंडस्ट्री में सफलता रातोंरात नहीं मिलती

टीवी इंडस्ट्री की चमक-दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने अपने विचार रखे। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस इंडस्ट्री में टिके रहना आसान नहीं है, इसके लिए धैर्य, मेहनत और लगातार सुधार की जरूरत होती है। अद्रिजा रॉय ने कहा, ''टीवी इंडस्ट्री में काम की गति बहुत तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग होती है और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टीवी पर प्रसारित हो जाता है। इस तेज रफ्तार में कलाकारों को हर समय तैयार रहना पड़ता है और अपने किरदार को पूरी एनर्जी के साथ निभाना होता है। हर कॉल टाइम पर, हर शूटिंग शेड्यूल में बहुत बड़ी प्रोडक्शन टीम काम करती है, और कलाकार को इन सबके बीच संतुलन बनाए रखना होता है। ऐसे माहौल में शांत और फोकस्ड रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में किया गया काम कई बार असर को कम कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''टीवी इंडस्ट्री में सफलता तुरंत नहीं मिलती। कई लोग सोचते हैं कि एक अच्छा सीन या एक अच्छा प्रदर्शन उन्हें रातोंरात पहचान दिला देगा, लेकिन वास्तविकता अलग है। टीवी में नाम कमाने के लिए लगातार समय देना पड़ता है। एक-दो अच्छे सीन से लोकप्रियता मिल सकती है, लेकिन स्थायी सफलता की चाबी को लगातार मेहनत और धैर्य ही है। सोशल मीडिया पर भले ही कोई कलाकार जल्दी वायरल हो जाए, लेकिन टीवी इंडस्ट्री में पहचान धीरे-धीरे बनती है और समय के साथ मजबूत होती है।''

अद्रिजा रॉय ने लोकप्रियता और सफलता के बीच फर्क को समझाते हुए कहा, ''लोकप्रियता अक्सर अस्थायी होती है, जो किसी वायरल सीन, चर्चा या सोशल मीडिया ट्रेंड से जल्दी मिल सकती है।



# यहां तक पहुंचने के लिए मैंने जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

## सीर-सीर सुनकर हैरान हुई नोरा

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में,स्रष्टह्ह मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।'

## नोरा ने की पूरी जिंदगी मेहनत

इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।'

## संगीत कितना ताकतवर है?

उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है। चाहे शकीरा हों, बर्ना बॉय हों या कोई भी आर्टिस्ट जिसका विजन क्रिएटिव रूप से मेल खाता हो वह अच्छा कर सकते हैं। मुझे लगता है कि जादू तब होता है जब अलग-अलग दुनियाएं एक साथ आती हैं और कुछ ऐसा बनाती हैं जिसकी उम्मीद न हो।

## 'सीर सीर' को मिला अच्छा रिस्पॉन्स

आपको बता दें कि नोरा का गाना 'सीर सीर' कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था और इसे बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अब तक इस ट्रैक को यूट्यूब पर 43 मिलियन से ड्यादा बार देखा जा चुका है।

# फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी के लिए राजकुमार राव ने फिल्म के लिए बढ़ाया वजन




मैडॉक फिल्म्स की एक और फिल्म का एलान हो गया है। राजकुमार राव इसमें लीड रोल में हैं। हम फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की बात कर रहे हैं। दिनेश विजन ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विशलेषक तरण आदर्श ने आज एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# स्मिता बंसल ने 'द पिरामिड स्कीम' को बताया अपना परफेक्ट ओटीटी डेब्यू

**'बालिका वधू' फेम अभिनेत्री स्मिता बंसल करियर में एक नया मुकाम हासिल कर बेहद उत्साहित हैं। टीवी इंडस्ट्री में सफल रहीं स्मिता टीवीएफ की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर चुकी हैं। स्मिता ने इस प्रोजेक्ट को अपना परफेक्ट ओटीटी डेब्यू बताया है। सीरीज में स्मिता बंसल प्रमिला सिंह के किरदार में नजर आईं।**

यह सीरीज आम लोगों के मल्टी-लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम की दुनिया में फंसने की कहानी है। यह महत्वाकांक्षा, तेजी से सफलता पाने की चाहत और इसके लिए लोग जो फैसले लेते हैं, उन विषयों पर आधारित है। स्मिता बंसल ने बताया, ''द पिरामिड स्कीम' ने मुझे इसलिए आकर्षित किया क्योंकि इसमें टीवीएफ के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिला। मैं सालों से टीवीएफ से जुड़ी हूं और इसके काम देख रही हूं और उन्हें बहुत पसंद करती हूं। वे ऐसी कहानियां बनाते हैं जो लोगों से जुड़ती हैं और हर उम्र के दर्शकों को पसंद आती हैं।' स्मिता ने बताया कि सीरीज की कहानी ने भी तुरंत प्रभावित किया। इसकी सोच बिल्कुल नई और रोमांचक लगी। यह आज के समय के बहुत जरूरी मुद्दों पर बात करती है, जैसे महत्वाकांक्षा, जल्दी सफल होने की चाह और उसके लिए किए जाने वाले फैसले। शो का किरदार, लेखन और पूरा विजन एकदम नया लगा।' अभिनेत्री ने कहा कि एक एक्टर के रूप में वे हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहती हैं जो उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद करे। 'द पिरामिड स्कीम' में प्रमिला सिंह का रोल उन्हें ठीक वैसा ही मौका देता है। सीरीज श्रेयांश पांडे द्वारा बनाई गई है और 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) द्वारा प्रस्तुत की गई है। इसका निर्देशन आशीष आर. शुक्ला और श्रेयांश पांडे ने किया है। 'द पिरामिड स्कीम' 5 जून को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है और काफी पसंद की जा रही है।





# जेआरडी टाटा का किरदार निभाना सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बायोपिक का चलन तेजी से बढ़ा है। ऐसी ही एक सीरीज 'मेड इन इंडिया: ए टाइटन स्टोरी' में भारत के जाने-माने उद्योगपति जेआरडी टाटा के जीवन को दिखाया गया है। इस सीरीज में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने जेआरडी टाटा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से काफी सराहना मिल रही है। इस अनुभव को लेकर नसीरुद्दीन शाह ने बताया कि यह किरदार उनके लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी थी। नसीरुद्दीन शाह ने कहा, ''जेआरडी टाटा एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनकी सबसे बड़ी खासियत उनका संयम और सादगी थी। वह हमेशा बहुत शांत और संतुलित तरीके से रहते थे। यही बात मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है कि इतने बड़े उद्योगपति होने के बावजूद उन्होंने कभी अपने व्यक्तित्व को प्रचार का हिस्सा नहीं बनने दिया।'' अभिनेता ने आगे कहा, ''जेआरडी टाटा को समझना और उन्हें पर्दे पर निभाना मेरे लिए आसान काम नहीं था। अपने लंबे करियर में मैंने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन यह भूमिका बेहद खास और जिम्मेदारी भरी थी, क्योंकि वह भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए इस भूमिका को निभाते समय मैंने काफी ध्यान और गंभीरता से काम किया।'' नसीरुद्दीन शाह ने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन पाया हूं। इसके लिए मुझे एक ऐसे इंसान को समझने का अवसर मिला, जिनकी सोच और व्यक्तित्व आज भी लोगों के लिए प्रेरणा हैं। ऐसे किरदार कलाकार को भीतर से बदल देते हैं, क्योंकि इसमें सिर्फ अभिनय नहीं बल्कि गहराई से समझने की जरूरत होती है।'' उन्होंने को-स्टार जिम सर्भ की तारीफ करते हुए कहा, ''उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि वे सामने वाले कलाकार को ध्यान से सुनते हैं। यह गुण बहुत कम कलाकारों में देखने को मिलता है, लेकिन अभिनय में यह बेहद जरूरी होता है। जब कोई अभिनेता अपने साथी कलाकार की बात और भाव को समझता है, तभी सीन अधिक प्रभावशाली बनता है।''

नसीरुद्दीन शाह ने आगे कहा, ''जिम सर्भ थिएटर से आते हैं और इसी वजह से उनकी अभिनय शैली में गहराई और गंभीरता दिखाई देती है। थिएटर का अनुभव कलाकार को अनुशासन और समझ देता है, जो कैमरे के सामने बहुत काम आता है। खासकर जब कहानी जटिल और भावनात्मक हो तो ऐसे कलाकार पूरी कहानी को जीवंत बना देते हैं।'' 'मेड इन इंडिया: ए टाइटन स्टोरी' सीरीज अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है।



# सच्चा प्यार कभी प्रैक्टिकल नहीं हो सकता

**जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से ओटीटी और आलिया भट्ट संग फिल्म 'जिगरा' से बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाले युवा कलाकार वेदांग रैना अब इम्तियाज अली की पीरियड लव स्टोरी 'मैं वापस आऊंगा' में अहम भूमिका में नजर आएंगे। खास बात यह है कि वेदांग अपनी हर फिल्म में अदाकारी के साथ-साथ गायिकी का हुनर भी दिखा रहे हैं। इस फिल्म में तो एआर रहमान जैसे दिग्गज कंपोजर के लिए मसकारा जैसे रूहानी गीत को आवाज देना वेदांग सपना सच होने जैसा मानते हैं।**

रहमान सर के लिए गाने पर यकीन नहीं हुआ अपनी गायिकी के इस सफर और एआर रहमान के लिए गाने को लेकर वह कहते हैं, 'मुझे पता नहीं ये कैसे हो रहा है, क्योंकि मैंने कभी किसी डायरेक्टर को खुद ये बात नहीं बताई है कि मैं गाना गाता हूं। यह सब बस हो गया। जोया (अख्तर) के साथ भी ये अचानक हुआ था कि मैंने आर्चीज में एक छोटे सा हिस्सा गाया था। फिर वासन बाला सर की भी एक सोच थी तो जिगरा में भी गाने का मौका मिला और अब रहमान सर के लिए गाना तो किसी भी कलाकार के लिए सपना सच होने जैसा है। मुझे ये मौका मिलना बहुत बड़ी बात है, जबकि मैं हिंदुस्तानी क्लासिकल में ट्रेंड सिंगर भी नहीं हूं। हालांकि, मैंने अपनी जिंदगी में स्टेज पर बहुत गाया, बहुत परफॉर्म किया है तो यह अनुभव वहीं से आता है। फिर भी ऐसा मौका मिलने की तो मैं सोच भी नहीं सकता था। मुझे कभी-कभी इम्पोस्टर सिंड्रोम (खुद की प्रतिभा पर शक) होता था और लगता था कि मैं ये मौका डिजर्व नहीं करता।' फिल्म में 1947 से पहले का दौर और मोहब्बत है, ऐसे में उस दौर को जीते हुए क्या वेदांग को कोई ऐसी चीज लगी कि काश वो आज के तेज रफ्तार दौर में भी होती? इस पर उनका कहना है, 'उस वक्त का प्यार करने का तरीका। मतलब अहसास तो अब भी वही है लेकिन अब रिश्ते या प्यार के दायरे थोड़े बदल गए हैं। जैसे अभी हम मेसेज करते हैं, तब चिट्ठियां लिखते थे। तब लोग अनकही बातों में, इशारों में मन के भाव समझते थे, वैसा वाला प्यार अब थोड़ा मिसिंग है तो अगर हम उसे वापस ला सकें तो अच्छा होगा।' क्या द्दद्द' पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाले वेदांग मानते हैं कि अब प्यार प्रैक्टिकल हो चुका है? इस पर वह दो टूक कहते हैं, 'सच्चा प्यार प्रैक्टिकल हो ही नहीं सकता। प्यार एक अहसास है, जो हर दौर में एक सा ही होता है, बस अब उस अहसास के इर्द गिर्द चीजें बदल गई हैं।'

## कश्मीर लौटने का मन करता है

मैं वापस आऊंगा की तर्ज पर क्या कोई ऐसी जगह या वक्त हैं जहां वेदांग लौटना चाहेंगे? इस बारे में उन्होंने बताया, 'मेरे लिए कश्मीर वह जगह है। मैं कश्मीरी हूं, मेरे माता-पिता कश्मीरी हैं और मैं अपनी जिंदगी में कश्मीर काफी देर से गया। मैं 22 या 23 साल का था और वहां जाकर मुझे एक अलग सा नॉस्टैल्जिया महसूस हुआ। जब मैं श्रीनगर गया तो वहां मेरे साथ पापा- मम्मी और मौसी थी। वे ऐसे बता रहे थे कि यहां पर डल झील था। हम जब यहां अपने नाना-नानी के घर आते थे तो यहां खेलते थे। यहां पर चाय की दुकान होती थी और मैं यकीन ही नहीं कर पाया था कि किसी का बचपन डल झील के किनारे बीता होगा। मुझे वो सब परियों की कहानी जैसा लग रहा था। मुझे उस जगह से,एक नॉस्टैल्जिया महसूस हो रहा था, जहां मैं पहले कभी नहीं गया, शायद कोई पहले का कनेक्शन होगा तो वहां जाने का मेरा बहुत मन करता है।'

## नर्वस था, पर आलिया ने खुले दिल से अपनाया

वेदांग ने हमसे जिगरा में आलिया भट्ट संग काम करने का अनुभव भी साझा किया। बकौल वेदांग, 'वह मेरी दूसरी फिल्म थी और मैं बहुत नर्वस था कि मैं आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन शेयर कर रहा हूं। पहली ही फिल्म के बाद मैं एक बिल्कुल अलग माहौल में था, लेकिन आलिया ने मेरी ओर जितनी गर्मजोशी दिखाई, जितनी खुले दिल से मुझे अपनाया और सहज कराया, वह अहसास मुझे हमेशा रहेगा। उसके लिए मैं उनको हमेशा याद रखूंगा। वह हमारी बहुत ही प्यारी दोस्त बनी। वह हमेशा मेरी शुभचिंतक हैं, जिसके लिए मैं हमेशा उनको याद रखूंगा।'